प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



यूपी विधानसभा चुनाव 2027- मायावती ने खेला “ ब्राह्मण कार्ड” पेज- 2

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 183 | बुधवार 24 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## आईपीएल 2027 से पहले बड़ा ट्रेड, ऋषभ पंत की दिल्ली वापसी, कुलदीप यादव लखनऊ सुपर जाएंट्स में शामिल

(एजेंसी) नई दिल्ली। आईपीएल 2027 भले ही अभी काफी दूर हो, लेकिन उससे पहले ही एक हाई-प्रोफाइल ट्रेड ने क्रिकेट जगत में हलचल पैदा कर दी है। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच हुए इस बड़े खिलाड़ी आदान-प्रदान में ऋषभ पंत एक बार फिर अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स में लौटते नजर आएंगे। वहीं, स्टार स्पिनर कुलदीप यादव अब लखनऊ सुपर जाएंट्स की जर्सी पहनेंगे। यह ट्रेड न सिर्फ खिलाड़ियों के बदलाव के कारण चर्चा में है, बल्कि इसमें शामिल बड़ी रकम और टीमों की रणनीतिक सोच ने भी इसे सुर्खियों में ला दिया है। ऋषभ पंत की सैलरी और वापसी पर चर्चा इस डील का सबसे बड़ा आकर्षण ऋषभ पंत की सैलरी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पंत दिल्ली कैपिटल्स के साथ 15 करोड़ रुपये की डील में जुड़ेंगे। जबकि लखनऊ सुपर जाएंट्स में उनका पिछला कॉन्ट्रैक्ट करीब 27 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। आईपीएल 2025 की नीलामी में लखनऊ ने उन्हें 25 करोड़ रुपये में खरीदकर इतिहास रचा था, जिससे वे उस समय आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे। उन्हें टीम का कप्तान भी बनाया गया था, लेकिन पिछले दो सीजनों में टीम के खराब



प्रदर्शन के बाद फ्रेंचाइजी ने बड़ा फैसला लेते हुए उन्हें रिलीज कर दिया। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि पंत ने दिल्ली लौटने के लिए अपनी सैलरी में लगभग 12 करोड़ रुपये की कटौती स्वीकार की है, जो इस ट्रेड को और भी चर्चित बनाता है। इस ट्रेड के तहत दिल्ली कैपिटल्स ने कुलदीप यादव को 13.5 करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ जोड़ दिया है। कुलदीप यादव भारतीय क्रिकेट के प्रमुख स्पिनरों में गिने जाते हैं और उनकी मौजूदगी से लखनऊ की गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलने की उम्मीद है। लखनऊ प्रबंधन का मानना है कि कुलदीप जैसे अनुभवी और मैच विनिंग स्पिनर टीम के संतुलन को बेहतर बनाएंगे, खासकर मध्य ओवरों में विकेट निकालने की क्षमता के चलते। ऋषभ पंत का दिल्ली कैपिटल्स के साथ गहरा रिश्ता रहा है। उन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत इसी फ्रेंचाइजी से की थी और लंबे समय तक टीम का अहम हिस्सा बने रहे। 2016 से 2024 तक उन्होंने दिल्ली के लिए 111 मैच खेले, जो किसी भी खिलाड़ी द्वारा इस फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा हैं। 2021 से 2024 के बीच उन्होंने टीम की कप्तानी भी संभाली और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी व नेतृत्व क्षमता से पहचान बनाई। अब एक बार फिर उनकी वापसी को दिल्ली फैंस भावनात्मक रूप से देख रहे हैं। कार एक्सीडेंट और चोट के बाद उन्होंने वापसी की थी और लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा बने थे, लेकिन अब फिर से वे अपने पुराने घर दिल्ली लौट रहे हैं। टीम मैनेजमेंट के अनुसार, पंत की वापसी से दिल्ली का बैटिंग ऑर्डर अधिक संतुलित और मजबूत होगा। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने इस ट्रेड के जरिए अपनी गेंदबाजी रणनीति पर बड़ा दांव लगाया है। कुलदीप यादव के आने से टीम को एक विश्वस्तरीय स्पिन विकल्प मिला है, जो किसी भी परिस्थिति में मैच का रुख बदल सकता है। फ्रेंचाइजी का मानना है कि यह बदलाव टीम को लंबे समय तक स्थिरता और संतुलन देगा, खासकर प्लेऑफ जैसे अहम मुकाबलों में। इस हाई-प्रोफाइल ट्रेड ने आईपीएल 2027 से पहले ही लीग के समीकरण बदल दिए हैं। खास बात यह है कि लखनऊ के दो पूर्व कप्तान केएल राहुल और ऋषभ पंत अब दिल्ली कैपिटल्स के साथ नजर आ सकते हैं। यह ट्रेड केवल खिलाड़ियों का बदलाव नहीं, बल्कि दोनों फ्रेंचाइजियों की नई रणनीति और भविष्य की योजना का संकेत भी माना जा रहा है। अब सभी की नजरें इस बात पर होंगी कि यह फैसला आने वाले सीजनों में किस टीम को कितना फायदा पहुंचाता है।

## एमपी की डबल इंजन की सरकार में लूट का इंजन तेज रफ्तार से चल रहा है, मोहन यादव पर कांग्रेस का तंज

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके परिवार पर लगे जमीन खरीद से जुड़े आरोपों को लेकर



मंगलवार को तंज किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार में श्लूट का इंजनश तेज रफ्तार से चल रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि खुद प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव इस लूट के कर्ताधर्ता बने हुए हैं। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा की मध्य प्रदेश की डबल इंजन की सरकार में लूट का इंजन तेज रफ्तार से चल रहा है। खुद प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव इस लूट के कर्ताधर्ता बने हुए हैं। उन्होंने दावा किया, चर्चा यह भी है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ खबर की खेतीष मप्र से केंद्र में गए कृषि मंत्री ने ही करवाई है! आपसी लड़ाई कुर्सी और लूट में हिस्सेदारी की लगती है। अंग्रेजी दैनिक इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित रपट में दावा किया गया है कि दिसंबर, 2023 में यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से उनके परिवार ने उज्जैन में लगभग 168 एकड़ जमीन के 137 भूखंड खरीदे। आरोप है कि ये भूखंड उन विशेष इलाकों में खरीदे गए हैं, जहां नई सड़कें, राजमार्ग और बुनियादी ढांचे का काम जारी है या प्रस्तावित है। फिलहाल मुख्यमंत्री की ओर से इन आरोपों पर प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## तृणमूल कांग्रेस ने संगठनात्मक सूची भेजी, ममता बनर्जी को पार्टी प्रमुख बताया

(एजेंसी) नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में लगभग 20 सांसदों के विद्रोह और कुछ विधायकों की समान गतिविधियों के बीच, तृणमूल कांग्रेस ने अपने पदाधिकारियों और राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्यों की एक नयी सूची निर्वाचन आयोग को भेजी है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि ममता बनर्जी अब भी पार्टी की मुखिया हैं। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि निर्वाचन आयोग को सौंपी गई सूची में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे का जिक्र 20 जून, 2026 तक की स्थिति के अनुसार किया गया है। पार्टी पर नियंत्रण को लेकर जारी दावों के बीच, इस सूची के जरिए पार्टी के आधिकारिक पदानुक्रम को रिकॉर्ड पर लाया गया है। सूची के अनुसार, ममता बनर्जी अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष हैं, जबकि सुब्रत बक्शी उपाध्यक्ष और अभिषेक बनर्जी राष्ट्रीय महासचिव हैं। पदाधिकारियों की सूची में राज्यसभा सदस्य डेरेक ओश्ब्रायन और डोला सेन को संयुक्त सचिव तथा सुभाषीश चक्रवर्ती को कोषाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। राष्ट्रीय कार्यसमिति में ममता बनर्जी, सुब्रत बक्शी, अभिषेक बनर्जी, डेरेक ओश्ब्रायन, डोला सेन और सुभाषीश चक्रवर्ती



शामिल हैं। निर्वाचन आयोग को यह सूची सौंपे जाने के एक दिन पहले, टीएमसी के एक बागी गुट ने कोलकाता में एक विशेष सत्र आयोजित कर एक समानांतर संगठनात्मक ढांचे की घोषणा की, जिसमें वरिष्ठ विधायक अरूप रॉय को पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा भी शामिल है। यह कदम सीधे तौर पर ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व को चुनौती देने वाला माना जा रहा है। विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले इस गुट ने दावा किया कि यह कदम पार्टी में उत्पन्न संवैधानिक संकट के कारण आवश्यक हो गया था। उनका तर्क था कि फरवरी 2022 में गठित पिछली राष्ट्रीय कार्यसमिति का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। बागी खेमे ने कहा कि यह विशेष सत्र टीएमसी के संविधान के अनुसार आयोजित किया गया, जिसमें एक नई राष्ट्रीय कार्यसमिति की घोषणा की गई तथा नए पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई। उसने यह भी कहा कि इस पूरी कार्यवाही की जानकारी निर्वाचन आयोग को दी जाएगी। हालांकि, ममता बनर्जी खेमे ने इस पूरी कवायद को खारिज कर दिया। वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने कहा कि बागी नेताओं के पास न तो ऐसा सत्र बुलाने का अधिकार है और न ही पार्टी की संगठनात्मक संरचना में बदलाव करने की वैधता।

## तमिलनाडु में अमोनिया गैस रिसाव से जान गवाने वालों की संख्या बढ़कर हुई 9, मरने वाली सभी महिलाएं

(एजेंसी) चेन्नई। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में एक निजी समुद्री खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात इकाई (सीफूड प्रोसेसिंग और एक्सपोर्ट यूनिट) में हुए अमोनिया गैस रिसाव के कारण जान गवांने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 9 हो गई। सरकार ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने अपनी विज्ञप्ति में बताया कि इस हादसे में जान गंवाने वालों में सभी महिलाएं हैं। इनमें से सात महिलाएं ओडिशा की और दो असम की रहने वाली थीं। विज्ञप्ति के अनुसार मृत महिलाओं में से आठ की पहचान शिबानी, जुमानी जुआंगा, गीता जुआंगा, पूर्णिमा जुआंगा, चंपाबती जुआंगा, प्रभावती जुआंगा, सीता हसदा और अंजीता सोरेन के रूप में हुई है जबकि एक अन्य महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है। यह औद्योगिक रासायनिक रिसाव 21 जून को पेरियापालयम के पास कनिगैपेयरध्मंजुंगरानाई इलाके में स्थित इकाई में नियमित औद्योगिक गतिविधियों के दौरान हुआ था। अस्पतालों में भर्ती कुल 69 लोगों में से 27 लोगों का इलाज वेल्स अस्पताल में, 18 का वेंकटेश्वर अस्पताल में, 11 का राजीव गांधी सरकारी सामान्य अस्पताल में और 13 का इलाज यहां स्टेनली मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। दो अन्य लोगों को पहले ही अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हादसे से प्रभावित लोगों को सांस लेने के जरिए अमोनिया गैस अंदर जाने के गंभीर लक्षणों के बाद अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। इन लक्षणों में सांस लेने में अत्यधिक तकलीफ, खांसी, छाती में बेचैनी, आंखों और श्वसन नली में जलन शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि अस्पतालों में भर्ती लोगों के स्वास्थ्य की कड़ी निगरानी की जा रही है।

## राम मंदिर दान विवाद पर एसआईटी की पहली रिपोर्ट, सरकार को मिली अहम जानकारी

(एजेंसी) लखनऊ। अयोध्या में राम मंदिर दान के वित्तीय प्रबंधन में कथित हेराफेरी की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने मंगलवार को उप्र सरकार के अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद को अपनी प्रारंभिक प्रतिवदेन रिपोर्ट सौंप दी। जांच दल का नेतृत्व कर रहे एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एसआईटी के अध्यक्ष और लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने पत्रकारों को बताया आज हमने शासन द्वारा गठित तीन सदस्यीय एसआईटी की जांच रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव (गृह) को सौंपी है। यह एक प्रारंभिक प्रतिवेदन है और उसी क्रम में आज इसे अपर मुख्य सचिव को सौंप दिया गया है। गबन से जुड़े सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि यह एक गोपनीय जांच हैं और उसे बताने के लिए हम इस समय अधिकृत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो हमारी जांच थी, वह हमने उपलब्ध करा दिया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने राम मंदिर ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन और दान राशि से संबंधित आरोपों की जांच के लिए 13 जून को तीन सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया। अधिकारियों ने बताया था कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एसआईटी गठित की गई। यह दल तीर्थ क्षेत्र में दानपात्रों के संबंध में लगाए जा रहे आरोपों की जांच कर सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा। एसआईटी में भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी तथा लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी



व पुलिस महानिरीक्षक किरन एस. और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन शामिल हैं। अयोध्या स्थित तीर्थ क्षेत्र में दानपात्रों को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को गंभीरता से लेते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विशेष जांच दल गठित किए जाने का अनुरोध किया था। ट्रस्ट के अनुसार अफवाहों पर रोक लगाने और मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए इसकी गहन जांच आवश्यक है। यह तीर्थ क्षेत्र की छवि और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को चोट पहुंचाने की गहरी साजिश है, जिसका पर्दाफाश होना बेहद जरूरी है।

## इंग्लैंड टी20 सीरीज से बाहर हुए नितीश रेड्डी

(एजेंसी) मुंबई। आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले भारतीय टीम को बड़ा



झटका लगा है। इंजरी की वजह से ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी दोनों सीरीज से बाहर हो गए हैं। रेड्डी की जगह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सूर्यांश शेडगे को टीम में जगह दी है। सूर्यांश को पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली है। बीसीसीआई ने बताया कि नितीश हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। इस वजह से वह आयरलैंड और इंग्लैंड टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। बोर्ड ने कहा कि पुरुष चयन समिति ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आने वाली टी20 सीरीज के लिए भारत की टीम में नितीश कुमार रेड्डी की जगह सूर्यांश शेडगे को शामिल किया है। नितीश ने 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे के बाद बाएं क्वाड्रिसेप्स में परेशानी का जिक्र किया था। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने जांच के बाद रिहैबिलिटेशन की सलाह दी है। नितीश रेड्डी का बाहर होना भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका है। इंजरी की वजह से पहले से ही दिग्गज ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या आयरलैंड और इंग्लैंड सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा, सूर्यांश को हाल ही में श्रीलंका में समाप्त हुई त्रिकोणीय सीरीज में इंडिया ए के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद यह मौका मिला। मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए इस 23 साल के इस खिलाड़ी ने पांच मैचों में 147 रन बनाए और 2 विकेट लिए थे। वह 2024-25 में मुंबई के सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी कैंपेन में भी सबसे अच्छे परफॉर्मर रहे थे। निचले क्रम में 251.92 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 131 रन बनाए थे। इस प्रदर्शन के बाद ही आईपीएल 2025 में सूर्यांश शेड्गे को पंजाब किंग्स ने अपने स्क्वॉड में शामिल किया था। आईपीएल 2026 में सूर्यांश ने 7 मैचों में 175.55 की स्ट्राइक रेट से 158 रन बनाए थे।

## अमरनाथ यात्रा की तैयारियां तेज, भगवती नगर आधार शिविर में मॉक ड्रिल आयोजित

(एजेंसी) जम्मू। आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के तहत मंगलवार को जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर में कई सुरक्षा और आपदा



प्रतिक्रिया एजेंसियों की भागीदारी के साथ मॉक ड्रिल आयोजित की गई। अधिकारियों ने बताया कि 57 दिन तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाली है। उन्होंने बताया कि यह मॉक ड्रिल सुबह आठ बजे विशाल परिसर में शुरू हुई, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह , केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने हिस्सा लिया। अधिकारियों के अनुसार, भगवती नगर यात्री निवास देशभर से आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मुख्य आधार शिविर के रूप में कार्य करता है। श्रद्धालु कश्मीर के लिए रवाना होने से पहले यहीं ठहरते हैं और इसके बाद 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा की ओर बढ़ते हैं, जहां प्राकृतिक रूप से बर्फ का शिवलिंग बनता है। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले आधार शिविर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह यात्रा दो रास्तों से होकर गुजरती है। अधिकारियों ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न आपातकालीन स्थितियों का कृत्रिम रूप से तैयार कर अभ्यास किया गया, ताकि सभी एजेंसियों की तैयारी, आपसी समन्वय और प्रतिक्रिया क्षमता को परखा जा सके। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य वार्षिक तीर्थयात्रा से पहले सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है।

# सम्पादकीय

## जुल्फ़िकार अली को बंगाल में मिली बड़ी ज़िम्मेदारी

बंगाल में बड़ा राजनीतिक धमाका हुआ है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि न्यूटाउन में बीते दिनों हुई एक बैठक के बाद, तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट ने ममता बनर्जी को तृणमूल चेयरपर्सन के पद से हटा दिया है। उनकी जगह हावड़ा सेंट्रल के विधायक अरूप रॉय को नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, रिताब्रता बनर्जी और अन्य लोगों के नेतृत्व वाले असली तृणमूल गुट ने अभिषेक बनर्जी को पार्टी के ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी के पद से सस्पेंड कर दिया है। वहीं अब बात कांग्रेस की तो मालूम हो कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने बड़ा फैसला किया है। पार्टी ने मुर्शिदाबाद जिले की रानीनगर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए जुल्फिकार अली को विधानसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया है।



नफीस जाफरी

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इसकी जानकारी दी है। वहीं दूसरे विधायक मुताब शेख को सदन में उपनेता बनाया है। हाल ही में हुए 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को दो सीटें मिली थी। जहां अब पार्टी ने सदन में दोनों ही विधायकों को अहम जिम्मेदारी सौंप दी है। इससे पहले जुल्फिकार अली और मुताब शेख ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी दिल्ली में मुलाकात की थी। कांग्रेस ने जुल्फिकार अली को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और भविष्य में उन्हें एक नए नेता के तौर पर पेश किया है। जुल्फिकार अली मुर्शिदाबाद जिले के प्रभावशाली उभरते हुए नेता माने जाते हैं। जुल्फिकार जिले के एक कारोबारी भी हैं। नामांकन में उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 18.82 करोड़ रुपए बताई थी। जबकि उन पर कुछ देनदारियां भी हैं। अब उन्हें विधानसभा में भाजपा सरकार के सामने पार्टी और अपने विधानसभा क्षेत्रों की आवाज उठाने की जिम्मेदारी कांग्रेस ने सौंपी है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में टीएमसी के अब्दुल सोमिक हुसैन को 2,701 वोटों से मात दी। जुल्फिकार को 79,423 वोट मिले, जबकि अब्दुल सौमिक हुसैन को 76,722 वोट हासिल हुए। वहीं पार्टी के दूसरे विधायक मुताब शेख को कांग्रेस ने सदन में उपनेता बनाया है। मुताब मुर्शिदाबाद की फरक्का सीट से विधायक चुने गए हैं। वह चुनाव के दौरान चर्चा में भी रहे थे। क्योंकि एसआईआर में उनका नाम कट गया था। ऐसे में उनके चुनाव लड़ने पर ही सस्पेंस था। हालांकि बाद में उनका नाम कोर्ट के माध्यम से लिस्ट में जुड़ गया था। जिसके बाद उन्होंने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की थी। मुताब शेख ने चुनाव में भाजपा के सुनील चौधरी को 8,193 वोटों से हराया था। पार्टी ने उन्हें सदन में उपनेता मनाया है। चुनावी हलफनामे के मुताबिक उनकी संपत्ति 17 करोड़ रुपए है। पश्चिम बंगाल में 2021 की अपेक्षा कांग्रेस को लिए 2026 का विधानसभा चुनाव अच्छा ही रहा है। क्योंकि इस चुनाव में पार्टी को 2 सीटें मिली हैं। लेकिन पिछले चुनाव में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। फिलहाल पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी शुभंकर सरकार के पास है। जबकि पार्टी ने दोनों विधायकों को भी बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी है।

## दुबग्गा में दुष्कर्म के आरोप पर मुकदमा दर्ज, आरोपी किशोर पुलिस संरक्षण में

संवाददाता लखनऊ। थाना दुबग्गा क्षेत्र में दुष्कर्म के आरोप का मामला सामने आया है। घटना की सूचना सोमवार को डायल–112 के माध्यम से पुलिस को प्राप्त हुई, जिसके बाद थाना दुबग्गा पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच–पड़ताल शुरू की और संबंधित पक्षों से आवश्यक जानकारी जुटाई।पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच और प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले में सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है।जांच के दौरान आरोपित किशोर, जिसकी उम्र लगभग 15 वर्ष बताई जा रही है, को पुलिस संरक्षण में लिया गया है। उसके विरुद्ध प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस ने बताया कि मामले से जुड़े साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है तथा पीड़ित पक्ष का चिकित्सीय परीक्षण सहित अन्य आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं नियमानुसार पूरी कराई जा रही हैं। मामले की निष्पक्ष और गहन जांच जारी है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। फिलहाल प्रकरण की विवेचना जारी है।



गुलफिशा खान

# यूपी विधानसभा चुनाव 2027- मायावती ने खेला " ब्राम्हण कार्ड"

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की सियासी बिसात अभी से बिछनी शुरू हो गई है। मालूम हो कि अभी कुछ दिन पहले ही ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सपा के गढ़ कहे जाने वाले बहराइच की मटेरा विधानसभा क्षेत्र के शंकरपुर चौराहा पर एक विशाल जनसभा को संबोधित किया था। इसे यूपी चुनाव के लिए ओवैसी के चुनावी शंखनाद के तौर पर देखा जा रहा है। साल 2012 से समाजवादी पार्टी के कब्जे वाली इस सीट पर ओवैसी ने बड़ा दांव खेलते हुए शौकत अली को मटेरा से मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वहीं दूसरी ओर मंच से हुंकार भरते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि संविधान का पहला पन्ना इंसाफ शब्द से शुरू होता है और ओवैसी इसी इंसाफ की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा, हमें उत्तर प्रदेश में अपनी लीडरशिप बनानी होगी। शौकत अली के नेतृत्व में मजलिस यूपी में संविधान की लड़ाई लड़ रही है। ओवैसी ने विपक्ष को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर कोई भाजपा को सत्ता में आने से रोकना चाहता है, तो मजलिस साथ देने को तैयार है, लेकिन यह बातचीत इज्जत के साथ होनी चाहिए। उन्होंने दोटूक कहा, अब कोई दरी बिछाने की बात नहीं करेगा, अब सिर्फ हिस्सेदारी की बात होगी। वहीं अब बात बसपा प्रमुख मायावती की तो गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर राजनीतिक दल अपनी–अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मुखिया मायावती ने साल 2007 की तरह एक बार फिर ब्राह्मण कार्ड खेला है। मायावती का कहना है कि जब से बसपा ने विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों के मद्देनजर ब्राह्मण समाज को, उनके बीएसपी में जुड़ने को ध्यान में रखकर, पार्टी का उम्मीदवार बनाना शुरू कर दिया है, तब से सभी विरोधी पार्टियों में व खासकर समाजवादी पार्टी में उनकी नींद उड़ा देने वाली बेचैनी देखने को मिल रही है। मालूम हो कि बसपा प्रमुख मायावती ने बीते दिनों एक्स पर एक पोस्ट में लिखा बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों के मद्देनजर जब से अपरकास्ट समाज और उसमें से खासकर ब्राह्मण समाज को, उनके बीएसपी में जुड़ने को ध्यान में रखकर, पार्टी का उम्मीदवार बनाना शुरू कर दिया है, तब से सभी विरोधी पार्टियों में व ख़ासकर समाजवादी पार्टी में उनकी नींद उड़ा देने वाली बेचैनी देखने को मिल रही है, जो कि सन् 2007 की तरह ब्राह्मण समाज के योगदान से बीएसपी को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जैसा ही इस बार के आगामी चुनाव परिणाम के रिपीट होने की संभावना के तहत स्वाभाविक ही प्रतीत होता है।



मायावती ने आगे लिखा वैसे भी यह सर्वविदित है कि यूपी जैसे विशाल आबादी वाले प्रदेश में अपरकास्ट में से ख़ासकर ब्राह्मण समाज का हित बीएसपी में ही सुरक्षित है, जिस अपनी इस सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के सिद्धान्त, नीयत व नीति को बहुजन समाज पार्टी ने पहले पार्टी स्तर पर अमल करके और फिर सरकार बनने पर भी उन्हें भरपूर आदर–सम्मान के साथ–साथ उन्हें हर स्तर पर पूरी–पूरी भागीदारी देकर यह साबित भी कर दिया है, जबकि दूसरी पार्टियों की सरकारों में इस वर्ग के लोग पिछले काफी समय से अपने आपको काफी उपेक्षित, असुरक्षित व ठगा हुआ भी महसूस कर रहे हैं। बसपा प्रमुख ने कहा कि ब्राह्मण समाज द्वारा सामाजिक भाईचारा के आधार पर बीएसपी से जुड़ने की इनकी तैयारियों को ध्यान में रखकर इन्हें पार्टी उम्मीदवार बनाने की प्रक्रिया जारी है और इन्हें बीएसपी की आयरन लेडी नेतृत्व पर पूरा यह यकीन भी है कि बीएसपी की सरकार बनने पर उन्हें पहले की तरह ही हर स्तर पर भरपूर आदर–सम्मान ज़रूर दिया जायेगा, जो कि इनकी वास्तविक चिन्ता व दूसरी पार्टियों से मुंह मोड़ने का कारण है। इसके साथ ही, अपरकास्ट में से क्षत्रिय, वैश्य आदि व अन्य समाज के लोगों को भी उनकी बीएसपी से जुड़ने की तैयारी अर्थात् जिसकी जितनी तैयारी उसकी उतनी भागीदारी के आधार पर चुनाव में उम्मीदवार भी जरूर बनाया जायेगा, जिसकी तैयारी हर स्तर पर लगातार जारी है।

मायावती ने कहा कि बीएसपी, श्दूसरी पार्टियों की तरह कुछ लोगों को लॉलीपाप थमाने की संकीर्ण व स्वार्थ की राजनीति नहीं करती है, बल्कि पूरे समाज के हित व कल्याण की चिन्ता करना अपना संवैधानिक कर्तव्य समझती है और इसीलिये बीएसपी की नीति व कार्यक्रम जनहित व जनकल्याण तथा अपराध नियंत्रण व क़ानून व्यवस्था के मामले में भी देश व जनहित में बेहतरीन होते हैं।

# पंजाब कांग्रेस में बदलाव, क्या ये सही समय है?



फरीद वारसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर ही भड़क उठे। दरअसल, कर्नाटक में पार्टी की राज्य इकाई के नए अध्यक्ष बीके हरिप्रसाद के शपथ ग्रहण समारोह में डीके–डीके के नारे लगने लगे। इससे माहौल काफी अजीब हो गया। ऐसे में खरगे भड़क उठे और नारे लगा रहे कार्यकर्ताओं को जमकर फटकार लगाई। इस बीच मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी उठे और कार्यकर्ताओं को शांत बैठने का इशारा किया। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के इशारा करने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता तो शांत हो गए, लेकिन मल्लिकार्जुन खरगे का पारा तब तक सातवें आसमान पर पहुंच गया था। खरगे ने डीके डीके के नारे लगा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नाकारा लोग कहा और याद दिलाया कि यह कार्यक्रम पार्टी का है, न कि किसी एक नेता पर केंद्रित। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फटकार लगाने हुए खरगे ने कहा, चुप रहो! बैठ जाओ। ऐसा लग रहा है कि जैसे पूरा देश तुम्हारे हाथ में आ गया हो. बेकार लोग! अब बात पंजाब कांग्रेस की तो मालूम हो कि पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में हलचल तेज है और लगातार मीटिंग हो रही है। कांग्रेस आलाकमान ने अजय माकन, मीनाक्षी नटराजन और भजनलाल जाटव जैसे नेताओं की एक समिति बनाई, जिन्होंने दिल्ली में पंजाब के नेताओं से मुलाकात की। करीब 75 नेताओं से बातचीत करने के बाद अजय माकन ने अपनी रिपोर्ट कांग्रेस आलाकमान को सौंप दी। उसके बाद राहुल गांधी ने पंजाब अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वाडिंग, पंजाब में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा, पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद चरणजीत सिंह चन्नी, सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा और पूर्व सांसद विजय इंदर सिंगला से मुलाकात की। बैठक के बाद प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि "राहुल गांधी जो भी निर्णय लेंगे, वो सभी को मान्य होगा। मगर सबसे बड़ा सवाल कांग्रेस के सामने यही है कि कांग्रेस को करना क्या है? कांग्रेस पार्टी संगठन में बदलाव करना चाहती है ताकि कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा जा सके और पंजाब कांग्रेस के बड़े पांच नेताओं में बेहतर तालमेल हो। मगर सबसे बड़ा सवाल है कि क्या यह सही समय है बदलाव करने का? कहा जाता है कि लड़ाई के



मैदान में बीच सेनापति बदलने के नतीजे ठीक नहीं होते हैं। कांग्रेस ने पिछली बार भी इन्हीं अजय माकन की रिपोर्ट पर कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटाकर दलित मुख्यमंत्री के तौर पर चरणजीत सिंह चन्नी की ताजपोशी की थी, मगर उसके बाद चुनाव में हार ही मिली। पंजाब में दलित वोटरों की संख्या 32 फीसदी के आसपास है, मगर इतने जतन के बाद भी कांग्रेस को केवल 23 फीसदी ही वोट मिले थे। मतलब कांग्रेस को सभी दलितों का भी वोट नहीं मिला और ना ही जट्ट सिख का। पंजाब में दलित की राजनीति भी मजहबी और रामदासी सिख के बीच में घूमती है। चन्नी रामदासी सिख हैं और अभी भी चरणजीत सिंह चन्नी कांग्रेस की तरफ से बड़े चेहरा माने जा रहे हैं, क्योंकि वो पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। मगर 2022 विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री रहते हुए भी चमकौर साहिब और बहादुर जैसे दो सीटों से चुनाव हार गए थे। वैसे 2024 में वो जालंधर से लोकसभा के सांसद बने। अभी पिछले दिनों पंजाब में हुए स्थानीय निकाय के चुनाव में भी चन्नी ने अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की भी वो पसंद हैं और राहुल गांधी के भी, मगर उनके साथ 2022 का चुनाव में हार का मामला भी जुड़ा हुआ है। कांग्रेस को दरअसल पंजाब में सिख, दलित सिख और हिंदू वोटरों के बीच संतुलन बनाने की चुनौती है। साथ ही पंजाब के तीनों खित्ते माझा, दोआब और मालवा के नेताओं में भी संतुलन बनाना भी बेहद जरूरी है। पंजाब के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष राजा वाडिंग के इलाके में कांग्रेस ने स्थानीय निकाय के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। कांग्रेस में इन पांच बड़े नेताओं के बीच गुटबाजी और मतभेद के किस्से आम हैं। यही वजह है कि राहुल गांधी इन सबको बार–बार दिल्ली बुलाकर एकजुट रहने की बात कह रहे हैं। राहुल गांधी के पास दिक्कत ये है कि यदि उन्होंने एक को हटाकर किसी दूसरे के लाने की कोशिश की तो सब को बदलना पड़ेगा। एक नाम सुखजिंदर सिंह रंधावा का भी है। वो फिलहाल गुरदासपुर से सांसद हैं और पंजाब के उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। अभी राजस्थान के प्रभारी हैं। यदि उनको आगे लाया जाता है तो पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को बदलना पड़ेगा, क्योंकि वो भी गुरदासपुर या कहें माझा से आते हैं। पंजाब कांग्रेस में आजकल विजय इंदर सिंगला का नाम भी चल रहा है। वो पहले संगरूर से सांसद रह चुके हैं और 10 जनपथ के करीबी बताए जाते हैं। वो हिंदू हैं। एक और हिंदू नेता राणा केपी सिंह के नाम की भी चर्चा है। यदि कांग्रेस जट्ट सिख समुदाय से किसी को बनाना चाहती है तो सुखजिंदर सिंह रंधावा तो हैं ही, कुछ लोग विधायक प्रगट सिंह का भी नाम चला रहे हैं। वैसे दलित सिख बनाना है तो चरणजीत सिंह चन्नी हैं ही. अब यह कहा जा रहा है कि प्रताप सिंह बाजवा को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहने दिया जाए, वो माझा से आते हैं, चरणजीत सिंह चन्नी को कैंपेन कमेटी की जिम्मेदारी दी जाए, जो दोआब से आते हैं, विजय इंदर सिंगला को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाए, जो मालवा क्षेत्र से आते हैं और किसी को भी मुख्यमंत्री का चेहरा ना घोषित किया जाए। मौजूदा पंजाब की राजनीतिक हालात के बारे में कहा जा रहा है कि इस बार पंजाब में चुनाव धार्मिक मुद्दा जैसे बेअदबी, नशा और गैंगवार पर लड़ा जाएगा। यह भी कहा जा रहा है कि अकाली बंटी हुई है। मौजूदा सरकार के खिलाफ ऐंटी इंकम्बेंसी है। भाजपा ने सिख अध्यक्ष बनाकर 18 फीसदी वोट को पार करना चाहती है। बची कांग्रेस तो यहां आपस में ही सिर फुटव्वल है। ऐसे में राहुल गांधी को जल्दी फैसला लेना है। माना जा रहा है कि जल्द ही पंजाब का मसला सुलझा लिया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पीएम-उषा की महा-क्रांति

### –भौगोलिक दूरियां होंगी खत्मरू वनांचलों से लेकर शहरों तक पहुंच रही आधुनिक शिक्षा

विष्णु प्रसाद वर्मा

छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा जगत में एक नए युग का सूत्रपात हो चुका है। वर्ष 2014 से 2026 के बीच केंद्र सरकार से मिली प्रमुख स्वीकृतियों और सौगातों की शृंखला में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम–ऊषा) राज्य के लिए वरदान साबित हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के प्रभावी क्रियान्वयन, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की नैशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल ग्रेडिंग में सुधार, और अनुसंधान के साथ–साथ गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारी–भरकम वित्तीय अनुदान की स्वीकृति दी गई है। यह योजना पूर्ववर्ती राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान का ही एक परिष्कृत और अधिक उन्नत रूप है। अधोसंरचना विकास के लिए मिला मेगा बजट इस योजना के तहत देश भर के लिए कुल 12,926.10 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस विशाल बजट का एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा छत्तीसगढ़ के हिस्से आया है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में चयनित पात्र शासकीय विश्वविद्यालयों को मल्टी–डिसिप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटीज़ के अंतर्गत प्रति संस्थान 20 करोड़ से लेकर 100 करोड़ रुपए तक का भारी–भरकम अनुदान मिल रहा है। वहीं, चिन्हित शासकीय महाविद्यालयों को बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए तक का प्रोजेक्ट–बेस्ड अनुदान स्वीकृत किया जा रहा है। इस वित्तीय भार का वहन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 60रू40 के अनुपात (60 प्रतिशत केंद्रांश और 40 प्रतिशत राज्यांश) में किया जा रहा है। धरातल पर उतरी योजनारू स्मार्ट क्लासरूम और आधुनिक लैब का निर्माण जारी छत्तीसगढ़ में यह योजना केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर तेजी से प्रगति कर रही है। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित किया जा चुका है। वर्तमान में, चयनित कॉलेजों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। इसके साथ ही, राज्य के शिक्षण संस्थानों में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब, और कंप्यूटर सेंटर जैसे अत्याधुनिक अधोसंरचना निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बस्तर से सरगुजा तक सभी 33 जिलों को मिल रहा है सीधा लाभ पीएम–ऊषा योजना का सबसे खूबसूरत पहलू इसका समावेशी होना है। इस परियोजना का लाभ छत्तीसगढ़ के समस्त 33 जिलों को मिल रहा है। योजना के तहत विशेष रूप से राज्य के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों और दूरस्थ अंचलों जैसे बस्तर संभाग और सरगुजा संभाग,कम सकल नामांकन अनुपात वाले क्षेत्रों,आकांक्षी जिलों जैसे धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद आदि के शासकीय कॉलेजों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया गया है, ताकि विकास की दौड़ में पीछे छूटे क्षेत्रों को मुख्यधारा में लाया जा सके। 5 लाख से अधिक छात्र–छात्राओं के सपनों को उड़ान इस दूरदर्शी परियोजना से राज्य के विभिन्न शासकीय शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत लगभग 5 लाख से अधिक छात्र–छात्राएं सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना का सबसे बड़ा फायदा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) और महिला वर्ग के छात्र–छात्राओं को मिल रहा है। अब छत्तीसगढ़ के वनांचलों और दूरदराज के गांवों के युवाओं को भी वैश्विक स्तर की आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान की सुविधाएं अपने ही राज्य में सुलभ हो रही हैं, जो उनके सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव रख रही हैं।

लेखक सहायक संचालक हैं

# मुस्लिम संगठन की सपा से बड़ी मांग, अब क्या करेंगे अखिलेश?



शबाब हुसैन

उत्तर प्रदेश की राजनीति में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रमुख और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने एक बार फिर बड़ा बड़ा बयान दिया है। राजभर ने दावा किया है कि अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी साल 2047 तक यूपी की सत्ता में वापसी नहीं कर पाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सपा में जल्द ही एक बड़ी टूट होने का भी सीधा इशारा दिया है। ओम प्रकाश राजभर ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही एक बहुत बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिल सकता है। उन्होंने बताया कि साल 2027 के विधानसभा चुनावों की तो बात ही छोड़ दीजिए, विधानसभा का आगामी सत्र शुरू होने से पहले ही सारा खेल खत्म हो जाएगा। राजभर ने चुनौती देते हुए कहा कि यह बात लिख कर रख लीजिए कि 2047 तक समाजवादी पार्टी सत्ता का मुंह नहीं देख पाएगी। वहीं इससे पहले यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी यह कहकर सनसनी फैला दी थी कि समाजवादी पार्टी के 25 से 26 सांसद पार्टी से अलग होने की तैयारी में हैं। ओम प्रकाश राजभर ने अब उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के इस बड़े दावे का पूरी तरह से समर्थन किया है। राजभर ने इससे पहले भी कहा था कि सपा में बगावत तय है और इसका नेतृत्व बागी धरती के लाल यानी सपा सांसद सनातन पांडेय करेंगे। हालांकि, सनातन पांडेय मीडिया के सामने इन दावों को पूरी तरह से खारिज कर चुके हैं। जहां एक तरफ योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर लगातार अखिलेश यादव पर बड़े हमले कर उन्हें घेरने का प्रयास कर रहे हैं तो वहीं दूरी ओर यूपी चुनाव से पहले अखिलेश यादव से बड़ी मांग की गई है। मालूम हो कि ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी का कहना है कि समाजवादी पार्टी को आगामी चुनाव के लिए मुस्लिम सीएम फेस सामने लाना चाहिए। मौलाना रजवी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर यह मांग की है। उनका कहना है कि प्रदेश में मुस्लिम आबादी लगभग 22 प्रतिशत है, इसलिए मुस्लिम समुदाय मुख्यमंत्री पद पर अपना दावा मजबूत मानता है, इसलिए किसी मुस्लिम नेता को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया जाना चाहिए। मौलाना रजवी की इस मांग के बाद प्रदेश की सियासत गर्माती दिख रही है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को मैंने एक पत्र लिखा है। उनके सामने 2027 विधानसभा चुनाव के सिलसिले में मैंने अपनी बात रखी हैं। खासतौर पर मैंने उत्तर प्रदेश के मुसलमानों के जज्बात को याद दिलाया है और बताया है कि 22 प्रतिशत मुसलमान उत्तर प्रदेश में हैं और 7 प्रतिशत यादव जाति के लोग हैं। सबसे बड़ी हिस्सेदारी या बहुमत मुसलमानों का है। उनके पिता मुलायम सिंह यादव को कई बार मुख्यमंत्री बनाया गया है। खुद अखिलेश यादव को मुसलमानों ने मुख्यमंत्री बनाया। उनके भाई, चाचा, पत्नी और भतीजे में से किसी को विधानसभा तो किसी को लोकसभा में भेजना का काम मुसलमानों ने किया। इस तरह से पूरे यादव परिवार को मुसलमानों ने नवाजा है। अखिलेश यादव के परिवार पर मुसलमानों का बहुत बड़ा एहसान है। इस कारण मैंने पत्र के माध्यम से मांग की है कि 2027 के चुनाव के लिए मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर किसी मुसलमान की घोषणा करें।



रजवी का कहना है कि अखिलेश यादव को चुनाव से पहले घोषणा करना चाहिए कि वह अगले मुख्यमंत्री नहीं होंगे, बल्कि एक मुसलमान को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। अखिलेश यादव अपनी पार्टी के किसी भी मुसलमान नेता को मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान करें और उसी के चेहरे पर आगामी यूपी विधानसभा चुनाव लड़ें। इससे 2027 के चुनाव में मुसलमान उन्हें बड़ी संख्या में वोट देगा। अगर वह ऐसा करने में कामयाब नहीं होते हैं, तो मुसलमानों से उम्मीदें छोड़ देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुसलमानों ने जिस जोश और जज्बे के साथ में 2022 में समाजवादी पार्टी का समर्थन किया था, 2027 में वे ऐसा नहीं करेंगे। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में अगले साल 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी चुनावों की तैयारियों में जुटी हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। लेकिन इस बीच मौलाना शहाबुद्दीन रजवी की मांग के बाद यूपी की सियासी फिजा फिर से गर्माती दिख रही है।

## वाइस चेयरमैन के जन्मदिन के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा

### –माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री, भारत सरकार

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच आगामी 15 जुलाई को माननीय राष्ट्रीय महासचिव – वाइस चेयरमैन प्र.ति कल्याण परिसर, परम आदरणीय सर्वेश पाठक के जन्मदिन पर आयोजित राष्ट्रव्यापी विशाल रक्तदान शिविर एवं जनसेवा अभियान के लिए आपका प्रेरणादायी शुभकामना संदेश प्राप्त हुआ। आपके स्नेह, विश्वास एवं उत्साहवर्ध्क शब्दों से संगठन के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा, उत्साह एवं सेवा–भाव का संचार हुआ है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके प्रेरक संदेश से प्रेरित होकर देशभर के कार्यकर्ता इस पुनीत मानव सेवा अभियान में बढ़–चढ़कर सहभागिता करेंगे तथा अधिकाधिक रक्तदान कर समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। इस मानवीय एवं जनहितकारी अभियान के प्रति आपके स्नेहपूर्ण सहयोग एवं शुभकामनाओं के लिए सम्पूर्ण संगठन आपकी हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करता है तथा आपके प्रति अपना हार्दिक आभार एवं साधुवाद प्रकट करता है।

## चार घटे में टप्पेबाजी का खुलासा, दो महिला टप्पेबाज गिरफ्तार

### –सोने के कुंडल, मंगलसूत्र व बच्चे के खड्डुआ बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। बकेवर पुलिस ने टप्पेबाजी की घटना का मात्र चार घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए दो महिला टप्पेबाजों को गिरतार कर लिया। पुलिस ने आरोपित महिलाओं के कब्जे से चोरी किए गए दो सोने के कुंडल, एक सोने का मंगलसूत्र तथा बच्चे के दो खड्डुआ बरामद किए हैं। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर



जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना बकेवर पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, गिरन्द, थाना लवेदी, जनपद इटावा निवासी रूबी, पत्नी रजनीश कुमार ने थाना बकेवर में तहरीर देकर बताया कि वह टेंपो से अपनी ससुराल जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में दो महिलाएं टेंपो में सवार हुईं और मौका पाकर उनके हैंडबैग में रखे पर्स से सोने के कुंडल, मंगलसूत्र तथा बच्चे के खड्डुआ चोरी कर लिए। सूचना मिलते ही थाना बकेवर में मुकदमा संख्या 177ध्2026, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना बकेवर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में सघन जांच एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश शुरू की। प्राप्त आपराधिक सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना के मात्र चार घंटे के भीतर दोनों महिला आरोपितों को गिरतार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी किया गया पूरा सामान बरामद कर लिया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई। गिरतार आरोपी सपना, पत्नी अंकित, निवासी कस्बा बहरोड़, थाना बहरोड़, जनपद कोटपुतली, राजस्थान तथा पिंकी, पत्नी पवन, निवासी पुरानी बस्ती, थाना नीमराना, जनपद कोटपुतली, राजस्थान। बरामदगी दो सोने के कुंडल, एक सोने का मंगलसूत्र तथा बच्चे के दो खड्डुआ। इस सराहनीय कार्रवाई को थाना बकेवर के थानाध्यक्ष विपिन मलिक एवं उनकी पुलिस टीम ने अंजाम दिया।

## ठाकुरगंज स्थित इरम डिग्री कॉलेज में लगी आग, फायर कर्मियों ने समय रहते पाया काबू

संवाददाता लखनऊ। ठाकुरगंज क्षेत्र स्थित इरम डिग्री कॉलेज में मंगलवार दोपहर आग लगने से कुछ देर के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और संयुक्त प्रयास से आग पर तत्काल काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।पुलिस के अनुसार 23 जून को अपराह्न लगभग 3रू50 बजे थाना ठाकुरगंज को कॉलेज परिसर में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी रिंग रोड वीरेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया।प्रारंभिक जांच में पता चला कि कॉलेज परिसर के एक कमरे में आग लगी थी। सूचना पर फायर सर्विस की दो गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं। पुलिस और दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयास से आग पर शीघ्र नियंत्रण पा लिया गया और उसे पूरी तरह बुझा दिया गया।प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण वातानुकूलन यंत्र (एसी) में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस और अग्निशमन विभाग द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है।अधिकारियों के अनुसार स्थिति पूरी तरह सामान्य है और परिसर में शांति बनी हुई है। समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से किसी बड़े नुकसान की आशंका टल गई।

## धोखाधड़ी का शिकार होने वाले 03 पीड़ितो के खाते में कुल 1.38 लाख रुपए कराये गए वापस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। साइबर अपराधी लगातार नए–नए तरीके एवं हथकंडे अपनाकर आमजन को ठगी का शिकार बना रहे हैं। तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ–साथ साइबर ठग भी अपने अपराध करने के तौर–तरीकों में लगातार बदलाव कर रहे हैं। कभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आकर्षक विज्ञापन दिखाकर अत्यंत सस्ते दामों पर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, वाहन अथवा अन्य वस्तुएं बेचने का लालच दिया जाता है, तो कभी सरकारी एवं निजी क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर पंजीकरण शुल्क, प्रोसेसिंग फीस अथवा सुरक्षा धनराशि जमा कराने के बहाने लोगों से धनराशि ऐंठ ली जाती है । इस तरह के बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा साइबर टीम को ऐसे अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के निकट पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा टीम द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साइबर ठगी के शिकार हुए 03 पीड़ितों के खाते में कुल 1,38,150ध् रुपए सफलतापूर्वक वापस कराई गई । 1– थाना कमासिन क्षेत्र के की रहने वाली निशा देवी ने इंस्टाग्राम पर निजीध्सरकारी नौकरी लगवाने का एक एड देखा और विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तथा उन्हे विभिन्न प्रकार शुल्क, सुरक्षा धनराशि आदि जमा कराने का झांसा देकर उनके 60 हजार रुपये ठग लिए गए थे । 2–थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के जरैली कोठी निवासी इंतजार अहमद की एक ग्रॉसरी की दुकान हैं, जिनके द्वारा फेसबुक पर सस्ते दामों में थोक ग्रॉसरी सामान उपलब्ध कराने का विज्ञापन देखा। विज्ञापन से प्रभावित होकर उन्होंने दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया । सामने वाले व्यक्ति ने कम कीमत पर बड़ी मात्रा में सामान उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया, जिस पर विश्वास कर उन्होंने बताए गए बैंक खाते में रुपये 59500 जमा कर दिए । भुगतान के बाद उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है, जिसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। 3–थाना बबेरु क्षेत्र के रहने वाले रवि सोनी द्वारा व्हाट्सएप पर एक संदेश आया था जिसमें एक एपीके फाइल संलग्न थी । उक्त संदेश को महत्वपूर्णध्उपयोगी एप्लीकेशन समझकर रवि सोनी ने बिना सत्यापन किए उस .।च्ञ फाइल पर क्लिक कर दिया और साइबर अपराधियों अपराधियों द्वारा उनका मोबाइल फोन हैक कर उनके बैंक खाते से 18,650ध् रुपए निकाल लिए गए । साइबर ठगी होने का एहसास होने पर उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी । साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा की टीम द्वारा प्राप्त सभी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंकिंग संस्थाओं, वित्तीय पोर्टलों एवं अन्य तकनीकी माध्यमों व विभागों से समन्वय एवं प्रभावी पत्राचार के माध्यम से साइबर ठगी में फंसी धनराशि को होल्डध्फ्रीज कराते हुए कुल ध्1,38,150ध् की धनराशि तीनों पीड़ितों के खातों में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। सभी आवेदकोंध् पीड़ितों द्वारा अपनी धनराशि वापस पाने पर पुलिस टीम की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया गया । 'बांदा पुलिस आमजन से अपील करती है कि सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाले आकर्षक विज्ञापनों, नौकरी दिलाने के दावों, अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भेजे गए लिंक, .।च्ञ फाइल अथवा किसी भी संदिग्ध संदेश पर बिना सत्यापन विश्वास न करें किसी भी कार्यवाही से पूर्व उसकी सत्यता अवश्य जांच लें । यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना घटित होती है तो वह समय गंवाए बिना तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा निकटतम साइबर थानाध्पुलिस थाने से संपर्क करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही कर धनराशि को सुरक्षित कराया जा सके । वापस करायी गई कुल धनराशि 03 पीड़ितो के कुल 01 लाख 38 हजार 150 रुपये। पुलिस टीम में श्री सुखराम सिंह0 प्र0नि0 साइबर क्राइम पुलिस थाना उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार सिंह का0 धर्मेन्द्र कुमार का0 हिमांशु वर्मा का0 ललित कुमार म0का0 ज्योति उपाध्याय शामिल रहीं।

## लकड़ी टाल संचालक के घर चोरी, 3 लाख कैश और एक किलो चांदी पार

### –शेखूनगर में वारदातरू ताले तोड़कर ले गए माल, भागते समय मौके पर ही चप्पलें और चाबियां छोड़ गए चोर, पुलिस जाँच में जुटी

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। शहर के शेखूनगर मोहल्ला में रहने वाले लकड़ी टाल संचालक के घर से अज्ञात चोरों ने करीब एक किग्रा. चांदी और तीन लाख रुपये चोरी का भाग गए। बुधवार की सुबह जब परिजन उठे तो दरवाजे और अलमारी का ताला तोड़ देख उनके होश उड़ और जब कमरे में जाकर देखा तो चांदी और नगदी गायब मिली। हालांकि चोरी करने के बाद भागते समय चोर अपनी चप्पलें और अलमारी खोलने वाली चाबियां मौके पर ही छोड़ गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शेखूनगर निवासी शिवराम पाल अपने परिवार के साथ बीती रात खाना पीने खाने के बाद एक कमरे में सोने के चले गए। तभी देर रात चोरों ने बड़ी चालाकी सेघर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश किया, इसके बाद उन्होंने कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे तीन लाख रुपये नगद और



लगभग एक किग्रा. चांदी चोरी कर ली। चोरी को अंजाम देने के बाद चोर अंधेरे में भागते समय अपनी चप्पलें मौके पर ही छोड़ गए साथ ही अलमारी का लॉक खोलने के लिए इस्तेमाल की गई चाबियां भी मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सुबह पीड़ित शिवराम पाल की नींद खुली, तो घर दरवाजे का ताला टूटा और सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। आनन फानन में वह कमरे गया जहां अलमाली खुली मिली और उसमे रखी चांदी और नगदी गायब मिली। गृहस्वामी ने शोर शराबा मचाते हुए परिजनों और पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। पीड़ित ने बताया कि उनके लकड़ी टाल पर कई लोगों का आना–जाना लगा रहता है, इसलिए वह किसी एक व्यक्ति पर शक जाहिर करने में असमर्थ हैं। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

### –लखनऊ अग्निकांड से सबक, विद्यार्थियों की सुरक्षा से समझौता नहीं :-- जिलाधिकारी व एसएसपी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। लखनऊ में हाल ही में हुई अग्निकांड की घटना के मद्देनजर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित





नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की संयुक्त अध्यक्षता में जनपद के कोचिंग संस्थानों के संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी संस्थानों को अग्नि सुरक्षा मानकों का शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कोचिंग संचालकों को संस्थानों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, उनकी नियमित जांच, विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन, आपातकालीन निकास मार्गों को हर समय अवरोधमुक्त रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को समय–समय पर अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने, नियमित मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने तथा भवनों की संरचनात्मक सुरक्षा का परीक्षण कराकर सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संस्थान संचालकों से प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय बनाकर निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा की गई। बैठक के उपरांत लखनऊ अग्निकांड में दिवंगत हुए बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। साथ ही दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश कुमार सिंह, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी तथा जनपद के विभिन्न कोचिंग संस्थानों के संचालक उपस्थित रहे।

## 1 जून से 31 अगस्त तक मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध

### –उल्लंघन करने वालों पर होगी कड़ी दंडात्मक कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों एवं उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के अनुसार वर्षा ऋतु में मछलियों के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से जनपद की सभी नदियों एवं बहती जलधाराओं में 1 जून से 31 अगस्त, 2026 तक मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 1 जून से 31 अगस्त तक का समय मछलियों का प्रजनन काल होता है। इस अवधि में नदियों एवं बहती जलधाराओं में मछलियां प्रा.तिक रूप से प्रजनन करती हैं। मत्स्य संपदा के संरक्षण और संवर्धन को ध्यान में रखते हुए इस अवधि में मछलियों का आखेट, शिकार, मत्स्य बीज एवं फिंगरलिंग को पकड़ना, नष्ट करना तथा उनका क्रय–विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद इटावा की सीमा में बहने वाली सभी नदियों और जलधाराओं में यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शासन के आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा आमजन से भी प्रतिबंध अवधि के दौरान मछली का शिकार न करने और मत्स्य संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है।

## नारायन कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास

### –योग से स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का संदेश



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स के विशाल प्रांगण में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन हरि किशोर तिवारी, वाइस चेयरमैन अंकित तिवारी, प्राचार्य (उच्च शिक्षा) योगेश कुमार दुबे, प्राचार्य (फार्मेसी) अभिषेक तिवारी, यूपीकॉन कोऑर्डिनेटर प्रवल गुप्ता, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में आर.के. योग प्रशिक्षण संस्थान, इटावा के मुख्य सचिव एवं उत्तर प्रदेश योगासन खेल संघ के इटावा जनपद प्रभारी डॉ. राहुल तिवारी तथा योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र ने प्रतिभागियों को योग के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने नाड़ी शोधन, भ्रामरी, कपालभाति, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही नियमित योग से स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन जीने के उपाय भी बताए। चेयरमैन हरि किशोर तिवारी ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का आधार है। योग शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है। नियमित योगाभ्यास से अनेक गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है तथा जीवन में अनुशासन, समर्पण और सकारात्मकता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि योग किसी जाति, धर्म, वर्ग, भाषा या सीमाओं में बंधा नहीं है, बल्कि पूरी मानवता की साझा धरोहर है। प्राचार्य (उच्च शिक्षा) योगेश कुमार दुबे ने कहा कि योग का वास्तविक अर्थ केवल कठिन आसनों का अभ्यास नहीं, बल्कि स्वयं से, समाज से और प्र.ति से जुड़ना है। आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी से नियमित योग अपनाने का आह्वान करते हुए कहा, ष्करो योग, रहो निरोग।ष् कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश गूंजता रहा। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में योगदान देंगे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबूनगर-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलील अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए. जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# रेड रॉट रोग नियंत्रण को लेकर चीनी मिल अधिकारियों ने किया गांवों का दौरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुरधबिजनौर . धामपुर चीनी मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा एवं क्वालिटी कंट्रोल विभागाध्यक्ष सतवीर सिंह ने मंगलवार को वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक के साथ नयागांव, नंदगांव, मंधोरा और कोपा सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर गन्ना फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों के साथ खेतों में पहुंचकर गन्ने की विभिन्न प्रजातियों की स्थिति का जायजा लिया।




ग्राम कोपा में किसानों संदीप कुमार, बृजपाल सिंह, विपिन कुमार और सौरभ कुमार के खेतों में को–0238 एवं को–0118 प्रजाति के गन्ने में रेड रॉट (लाल सड़न) रोग की स्थिति का निरीक्षण किया गया। किसानों को रोग की पहचान एवं रोकथाम के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई। उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रेड रॉट गन्ने की अत्यंत घातक बीमारी है, जो फसल को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि रोगग्रस्त गन्ने को तत्काल खेत से निकालकर नष्ट कर दें ताकि संक्रमण अन्य पौधों तक न फैले। साथ ही ब्लीचिंग पाउडर एवं ट्राइकोडर्मा के उपयोग की सलाह दी। उन्होंने बताया कि चोटी बेधक एवं काला चिट्टा जैसे कीटों से बचाव के लिए सीटीपीआर ड्रेंचिंग करना आवश्यक है। इससे फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। दौरे के दौरान जोन अधिकारी अनिल कुमार एवं अरविंद कुमार सहित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री योगी ने अर्पित की श्रद्धांजलि

संवाददाता लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल परिसर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, बलदेव सिंह औलख, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, लालजी प्रसाद निर्मल, अवनीश सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी तथा भाजपा नेता नीरज सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान, नहीं चलेंगे' का उद्घोष करने वाले प्रखर राष्ट्रवादी और जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सर्वोच्च बलिदान भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था।मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रहित, राष्ट्रीय एकता और अखंड भारत के संकल्प का प्रतीक रहा है। उनका त्याग और बलिदान देशवासियों के हृदय में राष्ट्रवाद की भावना को सदैव प्रज्ज्वलित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए डॉ. मुखर्जी द्वारा दिखाया गया मार्ग आज भी प्रेरणास्रोत बना हुआ है।

# बीबीएयू के वैज्ञानिकों को मिली बड़ी शोध परियोजना, गंगा-गोमती दोआब में आर्सेनिक और फ्लोराइड प्रदूषण पर होगा अध्ययन

संवाददाता लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो. नरेन्द्र कुमार और जैव प्रौद्योगिकी विभाग की डॉ. मोनिका को एक महत्वपूर्ण शोध उपलब्धि हासिल हुई है। नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ), नई दिल्ली ने उनकी संयुक्त शोध परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। लगभग 75 लाख रुपये की लागत वाली यह परियोजना तीन वर्षों की अवधि के लिए स्वीकृत की गई है।"गंगा–गोमती दोआब में आर्सेनिक और फ्लोराइड का जलवैज्ञानिक मानचित्रणरू सह–अस्तित्व, पर्यावरणीय गतिशीलता और सतत शमन उपायों पर एक समेकित अध्ययन" विषयक इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण गंगा–गोमती दोआब क्षेत्र में भूजल में पाए जाने वाले आर्सेनिक और फ्लोराइड जैसे प्रमुख प्रदूषकों की स्थिति, वितरण, सह–अस्तित्व तथा उनके पर्यावरणीय प्रभावों का वैज्ञानिक अध्ययन करना है।शोधकर्ताओं के अनुसार यह परियोजना सुरक्षित पेयजल उपलब्धता, जनस्वास्थ्य संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी। वर्तमान समय में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की बड़ी आबादी पेयजल के लिए भूजल पर निर्भर है, लेकिन भूजल में आर्सेनिक और फ्लोराइड की बढ़ती मात्रा गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनती जा रही है।विशेषज्ञों का कहना है कि आर्सेनिक एक अत्यंत विषैला तत्व है, जिसके लंबे समय तक संपर्क में रहने से त्वचा रोग, हृदय संबंधी समस्याएं और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। वहीं फ्लोराइड की अधिक मात्रा डेंटल फ्लोरोसिस और स्केलेटल फ्लोरोसिस जैसी बीमारियों का कारण बनती है। जब ये दोनों प्रदूषक एक साथ भूजल में मौजूद होते हैं तो मानव स्वास्थ्य, कृषि, मिट्टी की गुणवत्ता और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर इनके दुष्प्रभाव और अधिक गंभीर हो जाते हैं।परियोजना के अंतर्गत प्रभावित क्षेत्रों का वैज्ञानिक मानचित्रण किया जाएगा। साथ ही प्रदूषण के स्रोतों और कारणों की पहचान, भूजल की गतिशीलता का अध्ययन तथा व्यावहारिक और टिकाऊ शमन उपाय विकसित किए जाएंगे। शोध से प्राप्त निष्कर्ष नीति–निर्माताओं, प्रशासनिक संस्थाओं और स्थानीय समुदायों को सुरक्षित पेयजल प्रबंधन तथा जनस्वास्थ्य संरक्षण के लिए वैज्ञानिक आधार उपलब्ध कराएंगे। विश्वविद्यालय के अनुसार यह परियोजना गंगा–गोमती क्षेत्र में जल गुणवत्ता सुधार, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। साथ ही स्थानीय समुदायों में जल गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जलजनित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# श्री राम दरबार मन्दिर कटरा बांदा की पांचवीं वर्षगांठ बहुत ही धूमधाम से मनाई गई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा । शहर के कटरा मुहल्ले में श्री सिंहवाहिनी देवी मंदिर के पीछे श्री राम दरबार मन्दिर जिसका निर्माण सन् ०१७मेशुरु होकर सन् ०७मे पूर्ण हुआ मन्दिर बहुत ही भव्य व दिव्य है आज मन्दिर की पांचवीं वर्षगांठ दो दिवसीय जो दिनांक ०जून को प्रातः १०बजेअखण्ड श्री रामचरितमानस का पाठ से प्रारंभ होकर आज दिनांक ०जून को प्रातः १०बजे समाप्त हुआ उसके पश्चात श्रीं राम श्री सीता श्री लक्ष्मण और श्री हनुमान जी की शोभा यात्रा निकाली गई जिसका जगह जगह पूजन और पुष्प वर्षा हो कर पुनः श्री राम दरबार मन्दिर में वापस आई शोभा यात्रा के दौरान पटाखे और डोल नगाड़ा के साथ सैकड़ों महिला व पुरुष थे सभी बहुत ही उमंग में थे और जम कर चौराहे चौराहे श्री सियाराम और श्री हनुमानजी जी के जयकारे लगाए और महिलाओं ने नृत्य भी किया। पुनः श्री राम दरबार मन्दिर में १०८श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया उसके पश्चात श्री सत्यनारायण नारायण कथा और हवन हुआ तथा शांम ७बजे आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।दो दिवसीय इस कार्यक्रम



में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम की बहुत ही सराहना करते हुए कहा कि यह श्री राम दरबार मन्दिर बड़ा ही सुन्दर है और यहां बहुत ही साफ सफाई है और बहुत ही व्यवस्थित है यहां आकर बहुत ही शान्ति का अनुभव होता है। उन्होंने ने यह भी कहा कि यहां श्री राम दरबार मन्दिर तो है ही साथ ही श्री गणेश जी श्री राधा. ष्ण श्रीसियाराम श्री लक्ष्मण श्री हनुमान जी की सुन्दर मूर्तियां मां सरस्वती की मूर्ति श्री शनि देव मां काली देवी पंच मुखी भगवान शिव काल भैरव मां शारदे श्री बृजभान श्री हनुमान जी की दर्शनीय मूर्तियां हैं। श्रद्धालुओं ने यह भी बताया की यह एक ऐसा मन्दिर है जहां प्रभु श्री राम दरबार और श्री हनुमान एक सीध एक दूसरे को देख रहे हैं उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि यहां आकर एक बार अवश्य दर्शन करे। कार्यक्रम में जिन प्रमुख लोगों की भागीदारी दारी रही जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विमल सिंह महासचिव सोनू त्रिपाठी कोषाध्यक्ष डां एस के वाजपेई डांअशोक त्रिपाठी छतरपुर डां सन्तोष पटैरिया महोबा निखिल सक्सेना महामंत्री जिला भाजपा रोहन सिन्हा एडवोकेट विजय ओमर राहुल सर्राफ प्रदुम्न दुबे लालू अवध नारायण तिवारी अशोक श्रीवास्तव भगवान दीन वर्मा हरवंश द्विवेदी इंअरुण शर्मा नीरज त्रिपाठी बब्बू राम प्रताप शुक्ला मानस किंकर अशोक द्विवेदी एडवोकेट प्रकाश चन्द्र चौबे राम.पाल गुप्ता कल्याण सिंह एडवोकेट राजेश श्रीवास्तव धीरेन्द्र पाण्डेय पीयूष चौबे राम सजीवन चौहान सन्तोष चक्रवर्ती प्रबन्धक कल्लू कुशवाहा धीरज सैनी बसंन्तू अशोक मिश्रा राजेन्द्र दुबे आशुतोष त्रिपाठी एडवोकेट आनन्द गुप्ता शाशांक द्विवेदी कल्लू प्रजापति मोहनदास गुप्ता।

# 20 साल पुरानी झोपड़ी और दुकान पर चला बुलडोजर, 5 बच्चों की मां ने लगाया प्रधान पति व लेखपाल पर मारपीट-जातिसूचक गाली का आरोप . डीएम से लगाई आवास और कार्रवाई की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अतर्रा तहसील के जमरेही गांव की रहने वाली सेवापति पत्नी दादूराम ने जिलाधिकारी बांदा को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि 19 जून 2026 को बिना नोटिस दिए बुलडोजर से उसकी 20 साल पुरानी झोपड़ी और लोहे की दुकान तोड़ दी गई। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई और जातिसूचक अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। अब वह 7 माह के बच्चे समेत 5 बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। शिकायती पत्र के अनुसार, सेवापति गाटा संख्या–938 की दो बिस्वा भूमि पर छप्पर बनाकर और लोहे के डिब्बे में पान, गुटका व ठंडा पानी बेचकर परिवार का पालन–पोषण कर रही थी। उसका पति बीमार रहता है। उसके पांच बच्चे हैं जिनकी उम्र 12 साल, 10 साल, 6 साल, 4 साल और सबसे छोटे की 7 माह है। पीड़िता का आरोप है कि उसने सरकारी आवास के लिए प्रधान सचिव से गुहार लगाई थी तो 20 हजार रुपये मांगे गए। रुपये न दे पाने पर उसने 25 फरवरी 2026 को जनसुनवाई में प्रार्थना पत्र दिया, संदर्भ संख्या–40017026003362। आरोप है कि इसके बाद प्रधान सचिव ने धमकी दी कि "लिस्ट में नाम आ गया है पर देखते हैं कौन आवास देता है, लखनऊ में ही आवास ले लो, अब तुम्हें इस जगह से भी बुलडोजर से तुड़वाकर ही दम लेंगे।" शिकायत के मुताबिक 19 जून 2026 को दोपहर करीब दो बजे ग्राम प्रध



ाान के पति सुभीत यादव, हल्का लेखपाल जमरेही, चौकी इंचार्ज पप्पू पुत्र छेदिया और खुरहण्ड की महिला पुलिस सहित चार पुलिसकर्मी बुलडोजर लेकर पहुंचे। आरोप है कि बिना नोटिस के छप्पर, लोहे का डिब्बा, कूलर, फ्रिज व गृहस्थी का सामान तोड़ दिया गया। विरोध करने पर प्रधान पति और लेखपाल ने जातिसूचक व अभद्र गाली दी। पीड़िता की बेटी पूजा के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उसकी आंख में गंभीर चोट आई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पूरा सामान तहस–नहस कर परिवार को खुले में रहने को मजबूर कर दिया गया और धमकी दी गई कि दोबारा शिकायत की तो और बुरा हाल किया जाएगा। सेवापति ने डीएम से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई और रहने के लिए आवास दिलाने की मांग की है।

# प्रखर छात्र नेता कार्तिकेय गुप्ता बने बांदा के नए जिला संयोजक

## -बांदा में 22 हजार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगी विद्यार्थी परिषदः कार्तिकेय गुप्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) कानपुर प्रांत के चार दिवसीय प्रांतीय अभ्यास



वर्ग के अंतिम सत्र में नवीन सांगठनिक दायित्वों की घोषणा की गई। कानपुर के प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (च्प्ज्) में 19 जून से 22 जून तक चले इस विशेष प्रशिक्षण वर्ग में बांदा के जुझारू और ऊर्जावान छात्र नेता कार्तिकेय गुप्ता को जिला संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस चार दिवसीय अभ्यास वर्ग में प्रांत के सभी जिलों से आए प्रमुख कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास, सांगठनिक कार्यपद्धति और वैचारिक सु.ढ़ता हेतु विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण संपन्न हुआ। नवीन दायित्व मिलने पर कार्तिकेय गुप्ता ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व, विभाग संगठन मंत्री और सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहारू ष्संगठन ने मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को जिला संयोजक का जो महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व सौंपा है, उसका मैं पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निर्वहन करूँगा। बांदा की छात्रशक्ति और युवाओं की किसी भी प्रकार की शैक्षणिक समस्या के समाधान के लिए विद्यार्थी परिषद सदैव अग्रिम मोर्चे पर खड़ी रहेगी। बांदा में इस वर्ष की भीषण गर्मी और बदलते मौसम चक्र को देखते हुए उन्होंने एक ऐतिहासिक संकल्प भी लिया। कार्तिकेय गुप्ता ने घोषणा की कि इस सत्र में अभाविप छात्रशक्ति को एकजुट कर पूरे बांदा जिले में 22 हजार पौधे लगाएगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा और प्रभावी संदेश समाज के बीच जाए। जिला संयोजक कार्तिकेय गुप्ता के बांदा आगमन पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर किया भव्य स्वागत । अभ्यास वर्ग के समापन सत्र में अभाविप बांदा विभाग के अन्य प्रमुख दायित्वों की भी घोषणा की गई, जो इस प्रकार हैंरू प्रांत एग्रीविजन सह प्रमुखरू डॉ विज्ञा मिश्रा प्रांत प्रतियोगी छात्र प्रमुख रू डॉ अशोक सिंह परिहार विभाग प्रमुखरू डॉ. पवन त्रिपाठी विभाग संयोजकरू कमल रंजन शुक्ला जिला प्रमुखरू डॉ. शैलेष सिंह तहसील प्रमुख बांदा रू डॉ. कुंदन सिंह व संयोजकरू अभय साहू तहशील प्रमुख अतर्रा रू डॉ वीरेंद्र दीक्षित व संयोजक क्षितिज कुरील तहशील प्रमुख नरैनीरू डॉ श्रीनिवास गर्ग व संयोजक राहुल द्विवेदी तहशील प्रमुख बबेरूरू डॉ सीमा श्रीवास्तव व संयोजक अश्वनी यादव तहशील प्रमुख पैलानी रू जगदीश पाल व निखिल सिंह कार्तिकेय गुप्ता को जिला संयोजक बनाए जाने और बांदा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा से स्थानीय छात्रों और परिषद के कार्यकर्ताओं में भारी हर्ष की लहर है। सभी ने नए दायित्वधारी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

# आर्टेमिस-II मिशन की सफलता में 25 साल पुराने सॉटवेयर की बड़ी भूमिका डॉ0 अशोक प्रजापति

न्यूज वाणी ब्यूरो / बांदा। डॉक्टर अशोक प्रजापति जो जनपद बांदा उत्तर प्रदेश के छोटे ब्लॉक तिंदवारी में जन्में और अपनी प्रारम्भिक शिक्षा यहीं से शुरू कर आज नासा जैसे अंतरिक्ष पर जलवा बिखेर कर अपने ग्राम,जनपद,प्रदेश, देश के साथ साथ अमेरिका जैसे विकसित देशों में नाम रोशन कर रहे हैं और अपनी मातृभूमि की माटी का नाम रोशन कर रहे हैं वॉशिंगटनअमेरिकी




अंतरिक्ष एजेंसी छ।े। के महत्वाकांक्षी आर्टेमिस–प्प् मिशन में 25 वर्ष पुराने कोर लाइट सिस्टम (बथ्े) सॉटवेयर फ्रेमवर्क ने अहम भूमिका निभाई। यह प्रणाली शुरुआती 2000 के दशक से लगातार विकसित और आधुनिक बनाई जा रही है, जिसके कारण आज यह टेलीस्कोप, एवियोनिक्स और कमांड एवं कंट्रोल उपकरणों सहित कई अंतरिक्ष प्रणालियों का आधार बन चुकी है। छ।े। के बथ्े कार्यक्रम प्रबंधक और स्टीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष अशोक प्रजापति(ीवा च्तंरंचंजप) ने बताया कि बथ्े एक लचीला और मॉड्यूलर सॉटवेयर ढांचा है, जिसे ओपन–सोर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से विकसित और संचालित किया जाता है। वैश्विक अंतरिक्ष समुदाय के सहयोग से इसके उपकरणों और संरचना को लगातार आधुनिक बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बथ्े आज छ।े। का प्रमुख लाइट सॉटवेयर फ्रेमवर्क बन चुका है और इसका उपयोग आर्टेमिस मिशन, मार्स सैंपल रिटर्न और त्वउंद ेचंबम ज्मसमेबवचम जैसे वैज्ञानिक अभियानों में भी किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, निरंतर अद्यतन और सहयोगात्मक विकास की वजह से यह 25 साल पुराना सॉटवेयर आज भी आधुनिक अंतरिक्ष अभियानों की रीढ़ बना हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज जी, समाजसेवीध्सुनील सक्सेना,अंकित कुशवाहा,उनके बचपन के मित्र उमेश प्रजापति,अनिल बाजपेई सहित सैकड़ो शुभ चिंतको ने हृदय से बधाई दी।

# फर्जी टैक्स छूट योजना से सावधानः परिवहन विभाग ने वायरल संदेश को बताया भ्रामक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर, 23 जून। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर परिवहन विभाग की कथित एकमुश्त समाधान योजना को लेकर वायरल हो रहे संदेश को परिवहन विभाग ने पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में ऐसी कोई योजना न तो लागू है और न ही सरकार अथवा परिवहन विभाग के स्तर पर विचाराधीन है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी



(प्रशासन), फतेहपुर ने बताया कि कुछ वाहन स्वामियों द्वारा विभाग को सूचना दी गई थी कि सोशल मीडिया पर एक कथित प्रेस नोट तेजी से प्रसारित किया जा रहा है। इस संदेश में दावा किया गया है कि वाहन कर (टैक्स) बकायेदारों के लिए सरकार एकमुश्त समाधान योजना लाने जा रही है, जिसके तहत पेनाल्टी में शत–प्रतिशत और मूल कर में 35 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। परिवहन विभाग ने इस दावे का खंडन करते हुए कहा है कि वायरल संदेश में दी गई जानकारी पूरी तरह निराधार है। विभाग ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया अथवा व्हाट्सएप जैसे डिजिटल माध्यमों पर प्रसारित होने वाली अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करें और अपने वाहनों का बकाया कर निर्धारित समय पर जमा करें। विभाग ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में वाहन कर जमा न करने की स्थिति में संबंधित वाहन स्वामियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम–1998 के तहत विधिक कार्रवाई की जा सकती है। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में यदि राज्य सरकार अथवा शासन स्तर पर इस प्रकार की कोई योजना लागू की जाती है तो उसकी आधिकारिक जानकारी व्यापक स्तर पर जारी की जाएगी। इसलिए नागरिक केवल विभागीय एवं सरकारी स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

# सबील ए हुसैन लगाकर राहगीरों को फ्रूटी नींबू पानी पिलाया

न्यूज वाणी ब्यूरो / नानौता–सहारनपुर । गर्मी के चलते आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए गांव नैनपुर में ग्रामीण वासियों ने मुहर्रम के दिनों सबील ए हुसैन लगाकर राहगीरों को बोतल पेकिंग ठंडा पानी व जलजीरा सोढा पिलाया। नैनपुर के शिया समुदाय ने अंजुमन अब्बासिया के तत्वाधान में नानौता गंगोह रोड के तीतरो मोड़ पर सबील ए हुसैन का आयोजन किया। आयोजको ने बताया कि यह सबील ए हुसैन के रूप में हम अजादार ए इमाम हुसैन व कर्बला के शहीदों के खिराजे अकीदत पेश करते है। उन्होंने बताया कि आज से करीब 1400 साल पहले यजीद ने कर्बला के मैदान में आखिरी तीन दिन में पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और उनके साथियो के साथ उनके 6 माह के बच्चे तक का पानी बन्द कर दिया था। इसलिए मुहर्रम के दिनों में यह सबील ए इमाम हुसैन लगाया गया है ताकि कोई प्यासा ना रहे। सबील में बड़ी संख्या में राहगीरो को ठंडे पानी की बोतल , फ्रूटी , निम्बू पानी व जीरा की बोतले बांटी गई जिसे पीकर राहगीरों ने गर्मी में राहत की सांस ली। इस मौके पर ,राहिब हुसैन, मो.कैफ,र जी हैदर ,फैसल जैदी,सलमान हैदर, शबीउल हसन,हैदर हसन, मो हैदर, फजीलत हुसैन, अली कौसर, राहिब हुसैन,समर अब्बास, नफीस हैदर , समीर,शब्बन जैदी, रजब अली,फजल हुसैन, अलिश,कामरान मो.मेहदी, मुबारक अली,रिहान अली, समर अब्बास, रहबर , कुमैल,रईस हैदर, सहित काफी लोग मौजूद रहे।



# अखंड रामायण,सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारा

न्यूज वाणी ब्यूरो



शुकुल बाजार,अमेठी। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार के अवसर पर सुरजन दीन संत प्रसाद महाविद्यालय मे अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ, श्री सुंदरकांड पाठ, एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया सुंदरकांड पाठ के दौरान भजनों और चौपाइयों की मधुर स्वर लहरियों से पूरा वातावरण राममय हो उठा जहां हजारों श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया सुरजन दीन संत प्रसाद महाविद्यालय के प्रबंधक व संस्थापक संतोष तिवारी पप्पी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिश चंद्र शुक्ल उधोग पति महेंद्र विजय सिंह पी के तिवारी अवधेश मिश्रा अरविन्द शुक्ला अनूप तिवारी वीर सिंह जयसिंह चंदेल अशवनी तिवारी मनोज तिवारी संजय तिवारी पवन मिश्रा भृगुनाथ तिवारी बद्री तिवारी राहुल शुक्ला सहित सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 23 जून। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित



इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर भाजपा के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण कुमार शुक्ला, सपा जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव, उपाध्यक्ष जफर उल्ला खां बन्टी, बसपा प्रभारी अशर्फी लाल गौतम, कांग्रेस पार्टी के महासचिव हमजा शफीक, सदस्य जिला कार्यकारिणी विजय कुमार सेन, अधि.अभि. जल निगम सूरज वर्मा, अवर अभि. संदीप कुमार जायसवाल तथा निर्वाचन कार्यालय से प्रधान सहायक शैलेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# नेपाल सीमा शुल्क नीति के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पत्र का भारत सरकार ने लिया संज्ञान

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा बहराइच। नेपाल की सीमा शुल्क नीति और उसके भारत–नेपाल सीमा व्यापार पर पड़ रहे प्रभाव के संबंध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल रूपईडीहा द्वारा उठाए गए मुद्दे पर भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। व्यापार मंडल रूपईडीहा के अध्यक्ष शैलेश जयसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के एफटी (दक्षिण एशिया) प्रभाग द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि व्यापार मंडल रूपईडीहा के प्रतिनिधि एवं व्यापारी नेता शैलेश जायसवाल की ओर से भेजी गई जन शिकायत पर विभागीय स्तर पर जांच कर आवश्यक सुझावों और अनुरोधों को दर्ज कर लिया गया है। केवाणिज्य भवन, नई दिल्ली से जारी पत्र में अवर सचिव अजय कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि नेपाल की सीमा शुल्क नीति और उसके सीमा व्यापार पर पड़ने वाले प्रभाव से संबंधित मामले का परीक्षण किया गया है। इस संबंध में प्राप्त सुझावों और शिकायतों को नोट कर लिया गया है तथा आवश्यकता पड़ने पर भारत और नेपाल के बीच पहले से स्थापित संस्थागत तंत्र के माध्यम से इस मुद्दे को नेपाल सरकार के समक्ष उठाया जा सकता है। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि चूंकि यह मामला दूसरे देश की आंतरिक नीतियों से जुड़ा हुआ है, इसलिए भारत सरकार सीधे तौर पर कोई एकतरफा निर्णय नहीं ले सकती। हालांकि, दोनों देशों के बीच होने वाली द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं और संयुक्त बैठकों के माध्यम से इस विषय पर विचार–विमर्श किया जा सकता है। इस पत्र के माध्यम से केंद्र सरकार ने यह संकेत दिया है कि रूपईडीहा–बहराइच सीमा क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और उचित मंचों पर इस विषय को उठाने की प्रक्रिया जारी रहेगी। पत्र सक्षम प्राधिकारी की स्वी.ति के उपरांत जारी किया गया है तथा इसकी प्रतिलिपि जन शिकायत (पीजी) सेल, वाणिज्य विभाग को भी प्रेषित की गई है।

# 24 जुलाई तक मांग पूरी न हुई तो लखनऊ में होगा बड़ा आंदोलन . शंकराचार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर ।जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अतिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज अपनी 81 दिवसीय पदयात्रा एवं जनसंपर्क अभियान के तहत सोमवार को बिजनौर पहुंचे। यात्रा के दौरान उन्होंने गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने, गौमांस के निर्यात पर रोक लगाने तथा गोवंश संरक्षण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों पर प्रभावी कदम उठाने की मांग उठाई। शंकराचार्य ने कहा कि पदयात्रा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से होकर गुजर रही है और इसका उद्देश्य जनजागरण के माध्यम से सरकार तक गौ संरक्षण से जुड़ी मांगों को पहुंचाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 24 जुलाई तक गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं दिया गया तो लखनऊ में बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अयोध्या स्थित राम मंदिर के खजाने में कथित चोरी के मामले को लेकर भी सरकार को घेरा और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पदयात्रा के बिजनौर पहुंचने पर विभिन्न संगठनों एवं श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया।

# मुद्रासन का भव्य सेल्फी पॉइंट बना आकर्षण का केंद्र

## -आई लव हमारा मुद्रासन' की अनूठी थीम ने जीता लोगों का दिल, उद्घाटन के बाद उमड़ी भारी भीड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत मुद्रासन ने विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक नई पहचान कायम करते हुए गांव के मुख्य चौराहे पर भव्य एवं आकर्षक सेल्फी पॉइंट का निर्माण कराया है। ग्राम प्रधान जसिमुन, उनके पति अब्बास अली, ग्राम पंचायत सचिव नौशाद अली तथा कंसल्टिंग इंजीनियर शिवम वर्मा के संयुक्त प्रयासों से तैयार यह सेल्फी पॉइंट क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय बन गया है। इस सेल्फी पॉइंट में खण्ड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी, व एडीओ पंचायत जेपी वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे सेल्फी पॉइंट का निर्माण भव्य हो सका। सोमवार की देर शाम आयोजित कार्यक्रम में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने फीता काटकर इस भव्य सेल्फी पॉइंट का लोकार्पण किया। उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। जैसे ही सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन हुआ, लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने यहां तस्वीरें खिंचवाकर इस पल को यादगार बनाया। हरगांव–लहरपुर मार्ग पर स्थित यह




सेल्फी पॉइंट अपनी भव्यता, आकर्षक डिजाइन और आधुनिक स्वरूप के कारण दूर से ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता बड़े अक्षरों में लिखा गया ष् सवअम भ्ंउंतं डनकतेंदष् है, जो ग्रामवासियों के अपने गांव के प्रति प्रेम और जुड़ाव को दर्शाता है। सेल्फी पॉइंट के चारों ओर हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सजावटी एवं छायादार पौधे लगाए गए हैं। वहीं आकर्षक लाइटिंग, स्टील के गेट, मजबूत ग्रिल और सुव्यवस्थित परिसर इसकी सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। शाम होते ही रंग–बिरंगी रोशनी में नहाया यह स्थल किसी शहरी पर्यटन स्थल जैसा प्रतीत होता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक सेल्फी पॉइंट नहीं बल्कि ग्राम पंचायत की नई पहचान बन गया है। उद्घाटन के बाद से ही इसकी चर्चा आसपास के गांवों और क्षेत्र में तेजी से फैल रही है तथा लोग विशेष रूप से यहां पहुंचकर तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। सेल्फी पॉइंट की भव्यता को देख कर खण्ड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी ने प्रशन्नता जाहिर करते हुए ग्राम प्रधान जसिमुन, सचिव नौशाद अली, कंसल्टिंग इंजीनियर शिवम वर्मा की सराहना की। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी, एडीओ पंचायत जेपी वर्मा, कंसल्टिंग इंजीनियर शिवम वर्मा, सचिव धीरेंद्र कुमार, सचिव नीतीश कुमार, एवं प्रधानगण, बीडीसी, सदस्य व भारी संख्यां में लोग मौजूद रहे।

### विकास और सौंदर्यीकरण का नया प्रतीक बना मुद्रासन

आई लव हमारा मुद्रासन बना आकर्षण का केंद्र, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने किया लोकार्पण, आधुनिक लाइटिंग और हरियाली ने बढ़ाई खूबसूरती, ग्रामीणों और युवाओं में सेल्फी पॉइंट को लेकर खासा उत्साह, क्षेत्र की नई पहचान के रूप में उभर रहा मुद्रासन।

# मोहर्रम को लेकर नानपारा में पुलिस का सख्त पहरा, संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच मोहर्रम के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर नानपारा पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के क्रम में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नानपारा राजनाथ सिंह ने अतिरिक्त पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में रूट मार्च किया। इस दौरान संवेदनशील, मिश्रित आबादी एवं भीड़–भाड़ वाले इलाकों में पैदल भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। रूट मार्च के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई। पुलिस ने नागरिकों से अफवाहों से दूर रहने, शांति बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या डायल–112 पर देने की अपील की। पुलिस टीम ने चिकवा टोला से मोहर्रम कमेटी के चौधरी क्षेत्र, बंजारन टांडा एवं मलंग पुरवा सहित मुख्य जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। रूट मार्च में कस्बा इंचार्ज कामेश्वर राय, राजा बाजार चौकी इंचार्ज राम गोविंद वर्मा, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक ध ीरेंद्र प्रताप सिंह सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराना प्राथमिकता है। किसी भी तरह की अराजकता, अफवाह या शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से नगर में सुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

# मोहर्रम पर्व के मद्देनजर पुलिस का पैदल गशत, सुरक्षा का दिया संदेश

## –सीओ सिटी ने ताजियादारों के साथ जुलूस मार्गो का किया निरीक्षण, अफवाहों से बचने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देश पर जिला पुलिस



क्षेत्रों में अभियान चलाते हुए पैदल गस्त कर लोगो को सुरक्षा का संदेश देते हुए त्योहार को शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाने की लोगों से अपील कर रही है। अभियान के तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रविकांत गौंड ने जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मोहर्रम पर्व के .ष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त करते हुए जुलूस मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा व्ययवस्था का जायजा लिया। इस दौरान थाना कोतवाली नगर अंतर्गत मोहर्रम से संबंधित विभिन्न जुलूसों जैसे नेजे, आलम जुलूस, अलाव स्थान के अलावा ताजिया जुलूस के निर्धारित मार्गों का संबंधित ताजियेदार कमेटी के लोगों के साथ निरीक्षण किया। भ्रमण दौरान प्रमुख स्थानों पर स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और सुझावों की जानकारी भी प्राप्त की। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर ने प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर को प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया, जिससे पर्व पर किसी प्रकार की असुविधा न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे। इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली अंतर्गत समस्त चौकी हल्का प्रभारियों और बीट आरक्षियों को मोहर्रम से संबंधित सभी दिवसों के जुलूस कार्यक्रमों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक ब्रीफिंग दी गई। उन्हें संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, सतत भ्रमणशील रहने व आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी सौहार्द बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें यदि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# डीआईजी की अध्यक्षता में पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान की त्रैमासिक बैठक संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान के तत्वाधान में श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम मंडल बांदा श्री राजेश एस की अध्यक्षता में मंडल की त्रैमासिक बैठक का आयोजन पुलिस लाइन सभागार में आयोजित की गई इस अवसर पर अनेक पुलिस पेंशनरों में अपनी–अपनी समस्याएं बतलाई डीआईजी महोदय द्वारा सभी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के साथ निष्पादित किए जाने का आश्वासन दिया एवं उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या है व्यक्तिगत भी मुझसे आकर पुलिस पेंशनर मिल सकता है पुलिस अधीक्षक श्री पलाश बंसल ने कहा की साइबर क्राइम से किस प्रकार बचा जा सकता है इस विषय पर उनके द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा से आए हुए रीजनल ऑफिसर एवं बांदा ब्रांच के प्रबंधक अभिलाष दीक्षित द्वारा बताया गया की पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत पुलिस पेंशनर को किस–किस प्रकार के लाभ बैंक के द्वारा प्रदर्शित है उन्होंने पुलिस कर्मियों से आवाहन किया की अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ प्राप्त करें गोष्ठी का कुशल संचालन एवं आभार सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक द्वारा सभी पेंशनरों का आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर क्षेत्राधिकार सदर सौरभ सिंह प्रतिसार



निरीक्षक पुलिस लाइन प्रधान लिपिक वेद बाबू मुख्य एकाउंटेंट सीमा मैडम बांदा अध्यक्षमंडल संयोजक गोविंद सिंह कछवाह , उपाध्यक्ष रामावतार विश्वकर्मा महासचिव जय करन सिंह, अध्यक्ष चित्रकूट श्री बी एल यादव,महासचिव बारेलाल, कोषाध्यक्ष रुकसार अहमद अध्यक्ष महोबा छत्रपाल चौहान महासचिव अजीज खान सहित काफी संख्या में पुलिस पेंशनर मौजूद रहे इस बात की जानकारी मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट द्वारा दी गई।

# आखिरी बड़े मंगल पर जगह-जगह हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ रायबरेली। ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगल के अवसर पर डलमऊ कस्बे एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कस्बे के शंकर नगर, आदर्श नगर, .ष्णा नगर, मियां टोला, 84 मोहल्ला सहित ग्रामीण इलाकों में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ भंडारे का आयोजन किया। हनुमान भक्तों द्वारा भंडारे में छोले–चावल,



पूरी–सब्जी, शरबत, बूंदी आदि प्रसाद का वितरण किया गया।डलमऊ मुराई बाग में ज्येष्ठ मास के आठवें और अंतिम बड़े मंगलवार (23 जून 2026) के अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया और सार्वजनिक स्थानों पर कई विशाल भंडारों का आयोजन किया गया है गौड़ कॉप्लेक्स में सुबह 10रू30 बजे से विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ, जहाँ पुलिस अधिकारियों और श्रद्धालुओं ने पूड़ी–सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण में मौजूद रहे शुभम गौड़ शुक्ला किराना स्टोर राजू मेडिकल स्टोर वह सभी सहयोगिकरण मौजूद रहे सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात रामभक्त हनुमान की विधि–विधान से पूजा–अर्चना एवं आरती के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। जो देर शाम तक चलता रहा। भंडारे के दौरान क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आखरी बड़े मंगल पर आयोजित हुए विशाल भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई पड़ी मुराई बाग मुख्य चौराहे पर आयोजित भंडारी के आयोजक दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि वह प्रतिवर्ष स्थानी लोगों में व्यापारियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं जिसमें सभी लोगों का भारी सहयोग रहता है इस मौके पर सुधीर जायसवाल मनोज सोनकर राजेंद्र वैश्य सुशील राजेंद्र गुप्ता अरविंद दीपांशु गुड्डू आर्यन गुप्ता शुभम जायसवाल मुकेश सोनी सहित बड़ी संख्या में राम भक्त एवं सेवक मौजूद रहे

# योग दिवस पर जन सेवा केन्द्रों में योग कार्यक्रम क्या हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीएससी ई–गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में जनपद रायबरेली के विभिन्न जन सेवा केन्द्रों पर योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने देखा तथा सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।




कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास करते हुए स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने तथा नियमित योग करने का संकल्प लिया। जनपद के प्रमुख आयोजन स्थल डलमऊ ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंकज रावत, योगाचार्य आनंद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। जनपद रायबरेली में कुल 400 से अधिक जन सेवा केन्द्रों पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 1500 से अधिक नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी वीएलई (टपससंहम स्मअमस म्दजतमचतमदमनते) ने सक्रिय भूमिका निभाई तथा स्थानीय स्तर पर योग के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्म–अनुशासन और समग्र कल्याण का भी आधार है। योग दिवस के आयोजन ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# पुलिस अधीक्षक महोबा, द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुनकर दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए गए। ' पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील .ष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया। महोबा पुलिस– समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ।

# 29 जून को सात विभूतियों को मिलेगा उड़धन लता मंगेशकर सम्मान



लखनऊ। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में आगामी 29 जून 2026 को बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह गोमती नगर लखनऊ में आयोजित श तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे–5 श कार्यक्रम में सात विभूतियों को उड़ान लता मंगेशकर सम्मान मिलेगा। उड़ान संस्था की अध्यक्ष सरिता सिंह ने बताया कि स्वर कोकिला लता मंगेशकर एवं स्व.आशा भोसले की स्मृति में आयोजित होने श तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे श कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ०एस०एन०कुरील, बिपिन कुमार ( निर्देशक भारतेंदु नाट्य अकादमी), मुक्ता चटर्जी, डॉ.मालविका हरिओम (गायिका) पं.रविनाथ मिश्रा (तबला वादक), डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव (कथक गुरु) और वर्षा वर्मा को पांचवें उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह के मुख्य अभ्यागत उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं पवन सिंह चौहान एम.एल.सी, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री विद्या बिन्दु सिंह, पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, फिल्म अभिनेता डॉ अनिल रस्तोगी, प्रभु नाथ राय, उस्ताद युगान्तर सिंदूर होंगे।

# 12 घंटे में लूट का खुलासा, चार बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

## -पूरी लूटी गई रकम, अवैध हथियार और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। इटावा पुलिस ने राज्य सरकार की स्मार्ट पुलिसिंग पहल के अंतर्गत विकसित यक्ष अनुप्रयोग के प्रसारण सुविधा का प्रभावी उपयोग करते हुए लूट की घटना का मात्र 12 घंटे के भीतर सफल खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद चार आरोपितों को गिरतार किया, जिनमें दो के पैर में गोली लगी। आरोपितों के कब्जे से लूटी गई 33 हजार 600 रुपये की पूरी रकम, दो अवैध तमंचे, दो जीवित कारतूस, दो खोखा कारतूस, बिना नंबर की मोटरसाइकिल तथा जला हुआ बैग बरामद किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में विशेष अभियान दल, सर्विलांस टीम और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर इस सफलता को हासिल किया। पुलिस के अनुसार, 22 जून को फर्रुखाबाद जनपद के थाना कमालगंज क्षेत्र के गुगौरा निवासी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने कोतवाली में सूचना दी कि वह विभिन्न प्रतिष्ठानों से नकदी एकत्र कर बैंकों में जमा कराने तथा एटीएम में नकदी भरने का कार्य करता है। इटावा शहर में एक प्रतिष्ठान से 33 हजार 600 रुपये लेकर दूसरे प्रतिष्ठान की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश उसका रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और विशेष अभियान दल, सर्विलांस टीम तथा कोतवाली पुलिस की तीन टीमों का गठन किया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया, संदिग्धों की तलाश शुरू की तथा यक्ष



अनुप्रयोग की प्रसारण सुविधा के माध्यम से घटना से संबंधित सूचना पूरे जनपद के पुलिस बल तक तत्काल पहुंचाई। इसके परिणामस्वरूप संदिग्धों की पहचान कर उनकी घेराबंदी की गई। पुलिस ने बाइस ख्वाजा रोड पर बिना नंबर की मोटरसाइकिल से आ रहे चार संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपितों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी और वन विभाग चौकी की ओर भागने लगे। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें सनी उर्फ बब्लू तथा विकास के दाहिने पैर में गोली लगी। दोनों को उनके अन्य दो साथियों सहित गिरतार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि उन्होंने एक दिन पहले नौरंगाबाद रोड पर नकदी से भरा बैग छीना था। बैग में मौजूद कागजात जलाकर नष्ट कर दिए गए थे, जबकि पूरी नकदी उनके पास ही थी। आरोपित विकास ने बताया कि वह पहले एक वस्त्र विक्रय प्रतिष्ठान में सफाई का कार्य करता था और उसे जानकारी थी कि पीड़ित नियमित रूप से नकदी लेने आता है। एक लाख रुपये का कर्ज होने के कारण उसने साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। उन्हें उम्मीद थी कि बैग में लगभग दस लाख रुपये होंगे, लेकिन उसमें केवल 33 हजार 600 रुपये निकले। गिरतार आरोपितों में विकास पुत्र जगदीश, सनी उर्फ बब्लू पुत्र आरिफ, निशांत शर्मा पुत्र कपिल कुमार तथा अंशू पुत्र विजय उर्फ पप्पन शामिल हैं। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। बरामदगी में दो तमंचे (315 बोर), दो जीवित कारतूस, दो खोखा कारतूस, 33 हजार 600 रुपये की पूरी लूटी गई नकदी, बिना नंबर की मोटरसाइकिल तथा जला हुआ बैग शामिल है। घटना के त्वरित खुलासे और शत–प्रतिशत बरामदगी पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। पुलिस टीम विशेष अभियान दल (एसओजी) एवं सर्विलांस टीम तथा प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

# बिजली विभाग द्वारा भंडारे का किया गया आयोजन



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर । स्थानीय पावर हाउस परिसर में बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा मंगलवार को सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया । धार्मिक वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बिजली विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। सुंदरकांड पाठ के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के जयकारों के साथ पूजा–अर्चना की। पाठ संपन्न होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी–सब्जी, झोला चावल, बूंदी सहित अन्य प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के दौरान सेवा कार्य में विभागीय कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आपसी भाईचारे, सहयोग एवं सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण तथा सभी के सुख–समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपखंड अधिकारी अंचल मिश्रा, अवर अभियंता राकेश कुमार, आकाश वर्मा, अभिनव शुक्ला, अशोक कुमार, विजय प्रकाश, सुल्तान हैदर, हरिप्रसाद सहित मीटर रीडर, लाइनमैन एवं अन्य बिजली कर्मी उपस्थित रहे।

# गांव से मायके और दूसरे जिले तक यू-विन ने जोड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की कड़ी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 23। जनपद में बच्चों और गर्भवती महिलाओं तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है।



स्वास्थ्य विभाग के पास आशा और एएनएम का मजबूत नेटवर्क होने के बावजूद एक समस्या हमेशा बनी रहती थी, जब कोई गर्भवती महिला प्रसव के लिए अपने मायके चली जाती थी या कोई परिवार रोजगार के सिलसिले में दूसरे जिले में चला जाता था, तो उसकी जानकारी स्वास्थ्य तंत्र से छूट जाती थी। लेकिन अब यू–विन पोर्टल ने इस खाई को पाटकर डिजिटल सुरक्षा कवच तैयार कर दिया है। यू–विन पोर्टल के माध्यम से जनपद में लाभार्थियों की डिजिटल ट्रैकिंग को बेहद मजबूत किया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिंह के अनुसार जनपद में अब तक 44,945 नई गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण और 13,593 महिलाओं को पोर्टल पर टैग किया जा चुका है। इसके साथ ही, पोर्टल पर दर्ज 70,034 प्रसव परिणामों के माध्यम से 65,991 नवजात शिशुओं को सीधे इस डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा गया है, जिससे उनके नियमित टीकाकरण की राह आसान हो गई है। उन्होंने बताया कि पहले एएनएम को नई गर्भवतियों की जानकारी के लिए केवल आशा कार्यकर्ताओं पर निर्भर रहना पड़ता था। अब यू–विन पोर्टल के कारण यदि कोई लाभार्थी दूसरे जिले या शहर के अस्पताल में भी पहुंचता है, तो उसका डिजिटल रिकॉर्ड पूरे देश के स्वास्थ्य तंत्र में उपलब्ध हो जाता है। इस व्यवस्था को धरातल पर उतारने के लिए जनपद में 365 उप–स्वास्थ्य केंद्रों को पोर्टल पर सृजित किया गया है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में त्वरित ट्रैकिंग के लिए 3,321 आशा कार्यकर्ताओं को पोर्टल पर टैग किया गया है। यू–विन के आने से स्वास्थ्य कर्मियों का बोझ भी कम हुआ है। पहले टीकाकरण की ड्यू–लिस्ट (बचे हुए लाभार्थियों की सूची) हाथ से बनाने में काफी समय लगता था, जो अब स्वतः तैयार हो जाती है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब आशा, आंगनबाड़ी और एएनएम तीनों की ड्यू–लिस्ट एक समान रहती है, जिससे उनका आपसी तालमेल बेहतर हुआ है। टीकाकरण की तिथि और स्थान की जानकारी सीधे मोबाइल पर एसएमएस के जरिए पहुंच रही है। एएनएम कल्पना द्विवेदी के अनुसार, डिजिटल संदेशों से फॉलो–अप आसान हुआ है। सोशल मीडिया के इस दौर में भी लोग सरकारी संदेशों को बेहद भरोसेमंद मानते हैं। यदावपुर मटेहिया के विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि वे मोबाइल पर मैसेज देखकर ही अपनी पत्नी की जांच कराने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे हैं। सीएमओ डॉ. संजय कुमार कहते हैं कि यू–विन केवल डिजिटल संदेशों की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस बदलती स्वास्थ्य व्यवस्था की तस्वीर है जो यह सुनिश्चित कर रही है कि चाहे कोई बच्चा अपने गांव में हो या मां के साथ मायके में, उसकी स्वास्थ्य सेवाओं की कड़ी कहीं से भी टूटने न पाए।

# व्यापारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासन गंभीर

## –कानून व्यवस्था, सुरक्षा और जनसुविधाओं पर जिलाधिकारी व एसएसपी ने व्यापारियों से किया संवाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शासन के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की संयुक्त अध्यक्षता में जनपद के व्यापारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना, उनके सुझाव प्राप्त करना तथा कानून व्यवस्था एवं जनसुविधाओं को और



अधिक प्रभावी बनाना रहा। बैठक के दौरान व्यापारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और सुझावों को प्रशासन के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका शीघ्र, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि जनपद में कानून व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि, आपराधिक घटना अथवा अन्य समस्या की सूचना तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को देने की अपील की, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश कुमार सिंह, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी तथा विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# रमपुरवा में विशाल भंडारे का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। बड़े मंगल के पावन अवसर पर तेजवापुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय द्वारा रमपुरवा स्थित आरा मशीन परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, नानपारा चीनी मिल निदेशक अखंड प्रताप सिंह तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय ने बजरंगबली की विधिवत पूजा–अर्चना कर किया। इसके बाद अतिथियों ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर दिवाकर पांडेय, संतराम पांडेय, प्रकाश चंद्र द्विवेदी, शशिकांत त्रिपाठी, विद्याधर वाजपेई, संजय त्रिपाठी, रिंकू मिश्रा, राम छबीले यादव, पंकज सिंह, वागीश शुक्ला, केसरी नंदन गौड़, राजेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने सुखदराज सिंह हाईवेज ढाबा तथा मानपुरवा स्थित महाकाल यूज सेंटर पर आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम में भी शामिल होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।





# झोलाछाप की लापरवाही से मौत सीएचसी में छोड़कर भागे आरोपी’

न्यूज वाणी ब्यूरो

तालगांव सीतापुर’। तालगांव कोतवाली क्षेत्र से एक बेहद झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक कथित झोलाछाप डॉक्टर की घोर लापरवाही और गलत इलाज से एक परिवार की खुशियां उजड़ गईं। आरोप है कि जब मरीज की हालत बिगड़ने लगी तो आरोपी उसे मरणासन्न अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी (सीएचसी) में छोड़कर फरार हो गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद मरीज को मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। यह घटना तालगांव कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चांदपुर की है। सचिन कुमार ने पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह करीब 8 बजे उनके 43 वर्षीय पिता अरुण कुमार को अचानक तेज



बुखार आ गया था। घबराए परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी के पास स्थित एक निजी क्लीनिक पर ले गए। इस क्लीनिक का संचालन मुलाहिमपुर निवासी रामनाथ यादव नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था। आरोप है कि उसने बिना उचित चिकित्सकीय परीक्षण के मरीज को दवाएं और इंजेक्शन दे दिए, जिससे अरुण कुमार की तबीयत और अधिक बिगड़ गई। जब मरीज की हालत गंभीर हो गई और उसकी सांसें उखड़ने लगीं, तो आरोपी रामनाथ यादव घबरा गया। आरोप है कि उसने अपने कुछ परिचितों को बुलाया और अरुण कुमार को मोटरसाइकिल पर बैठाकर पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मरीज को छोड़कर आरोपी मौके से फरार हो गए। सीएचसी में तैनात चिकित्सकों ने जब अरुण कुमार का परीक्षण किया, तो उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. दीपक यादव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आ चुका है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के निर्देशों के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आज इटावा आएंगे खाद्य एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल

## –स्वागत समारोह, मंदिर कार्यक्रम और कार्यकर्ताओं से मुलाकात सहित कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अजीत सिंह पाल का 24 जून को कन्नौज एवं इटावा जनपद का भ्रमण प्रस्तावित है। जारी कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह 11रू00 बजे मानपुर–सिकंदरा (कानपुर देहात) से प्रस्थान कर दोपहर 1रू00 बजे कन्नौज के छिबरामऊ पहुंचेंगे, जहां आयोजित सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद दोपहर 2रू00 बजे कन्नौज से रवाना होकर शाम 3रू30 बजे इटावा जनपद की तहसील ताखा के ग्राम सरसईनावर पहुंचेंगे। यहां क्षेत्रीय एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाम 4रू10 बजे ग्राम डुंडहा स्थित पंचवटी महादेव सिद्धपीठ मंदिर पहुंचकर स्वर्गीय ख्योराज सिंह पाल की पुण्य स्मृति में आयोजित स्नेह–भोज (भंडारा–प्रसाद ग्रहण) कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसके बाद शाम 4रू50 बजे ग्राम भगवानपुर पहुंचकर जिला मंत्री जितेंद्र पाल के आवास पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। सायं 5रू10 बजे वहां से प्रस्थान कर शाम 6रू30 बजे मानपुर–सिकंदरा (कानपुर देहात) स्थित निजी आवास पहुंचेंगे, जहां रात्रि विश्राम करेंगे। जिला प्रशासन ने राज्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रशासनिक उदासीनता का फायदा उठा रहे रेत-मिट्टी के तस्कर, रातों-रात खोखली की जा रही जमीन

## –अधिकारियों की अनदेखी से फल–फूल रहा अवैध उत्खनन का धंधा, सरकारी खजाने को भारी चपत, बेधड़क चल रहा काला कारोबार

न्यूज वाणी ब्यूरो/तंबौर (सीतापुर)क्षेत्र में इन दिनों जमीनों का अवैध सीना चीरने वाले गिरोहों के हौसले बुलंद हैं। कानून व्यवस्था का डर पूरी तरह समाप्त हो जाने के कारण इलाके में गैरकानूनी रूप से मिट्टी और बालू निकालने का काम बिना किसी रोक–टोक के चल रहा है। सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुँचाकर ये तस्कर मोटी रकम कमा रहे हैं, जबकि संबंधित विभाग इस पूरे खेल से आँखें मूँदे बैठा है। स्थानीय प्रशासन के ठीक सामने हर रात दर्जनों वाहनों के माध्यम से मिट्टी की अवैध खुदाई की जा रही है। इस चोरी की मिट्टी को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध मुनाफा कमाया जा रहा है। कल रात भी ऐसा ही एक वाकया कस्बे के महमूद फैक्ट्री रोड के सामने आया, जहाँ तस्कर कई ट्रैक्टर–ट्रॉलियों के साथ एक खेत को खोदने में व्यस्त थे। जब एक जागरूक किसान की जानकारी पर कुछ पत्रकार वहाँ कवरेज के लिए पहुँचे, तो तस्करों में खलबली मच गई। पकड़े जाने के डर से वे शिकायत करने वाले से उलझ गए और आनन–फानन में अपनी गाड़ियां लेकर वहाँ से नौ दो ग्यारह हो गए। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह है कि इतने बड़े स्तर पर, दर्जनों गाड़ियों के साथ चल रहे इस अवैध काम की जानकारी प्रशासनिक अमले को क्यों नहीं है? क्या जिम्मेदार अधिकारी वाकई इस बात से अनजान हैं या फिर प्रभावशाली लोगों और रात के सन्नाटे में गूंजती ट्रैक्टरों की आवाजें आखरिकार जिम्मेदार अफसरों को क्यों सुनाई नहीं देतीं, यह जांच का विषय है। अब देखना यह होगा कि इस खुलासे के बाद प्रशासनिक अमला कोई सख्त कदम उठाता है या फिर इन भू–माफियाओं को यूँ ही खुली छूट मिलती रहेगी



# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

## –बेटी की ससुराल जाते समय हुआ हादसा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा के समीप सोमवार की देरशाम पैदल जा रहे 55 वर्षीय अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के तुराबअली का पुरवा मोहल्ला निवासी भिखारी का पुत्र ननऊ सोमवार की शाम ई–रिक्शा से अपनी पुत्री वन्दना की ससुराल अचाकापुर जा रहा था। बताते है कि चौफेरवा के पास ई–रिक्शा से उतर कर सड़क पार करने लगा। इसी बीच तेज रतार आ रहा था। अज्ञात वाहन अधेड़ को टक्कर मारता हुआ निकाल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहमराम मच गया।

## धीरेन्द्र कुमार वाल्मीकि का आगमन 25 जून को

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच 23 जून। मा. सदस्य प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना(पी.एम. अजय) केन्द्रीय सलाहकार समिति धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 25 जून 2026 को निरीक्षण भवन पहुंचकर अपरान्ह 02:00 बजे डीपीआरओ, समाज कल्याण, हाइड्रिल एक्स ई0एन0, शिडको, सीएमआ, जल निगम, डीएसओ, आबकारी अधिकारी, मण्डी सचिव अधि.अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के साथ प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के सम्बन्ध में बैठक करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी ने बताया कि मा. सदस्य श्री वाल्मीकि जिले के अधिशाषी अधिकारियों के साथ एमएस एक्ट 2013 को जनपद में लागू व पालन कराने के सम्बन्ध में बैठक करेंगे।


### आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना** खण्ड के **ललितपुर** स्टेशन पर **यार्ड रिमॉडलिंग** कार्य के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं रेग्युलेशन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| गाड़ी सं. | कहाँ से | कहाँ तक | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 16093 | चेन्नै सेन्ट्रल | लखनऊ जं. | इटारसी-बीना-वी. लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेन्ट्रल | इटारसी-जबलपुर-ओहन-कानपुर सेन्ट्रल | 14.07.26, 18.07.26 |
| 12943 | वलसाड | कानपुर सेन्ट्रल | इटारसी-बीना-वी. लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेन्ट्रल | इटारसी-जबलपुर-ओहन-कानपुर सेन्ट्रल | 15.07.26 |
| 12944 | कानपुर सेन्ट्रल | वलसाड | कानपुर सेन्ट्रल-वी. लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी | कानपुर सेन्ट्रल-जबलपुर-ओहन-इटारसी | 17.07.26 |
| 14115 | डॉ. अम्बेडकर नगर | प्रयागराज | बीना-ललितपुर-खजुराहो-मानिकपुर | बीना-दमोह-कटनी मुड़वारा-मानिकपुर | 18.07.26 से 20.07.26 |
| 14116 | प्रयागराज | डॉ. अम्बेडकर नगर | मानिकपुर-खजुराहो-ललितपुर-बीना | मानिकपुर-कटनी मुड़वारा-दमोह-बीना | 17.07.26 से 21.07.26 |
| 19483 | अहमदाबाद | सहरसा | बीना-ललितपुर-खजुराहो-मानिकपुर | बीना-दमोह-कटनी मुड़वारा-मानिकपुर | 18.07.26 से 20.07.26 |
| 19484 | सहरसा | अहमदाबाद | मानिकपुर-खजुराहो-ललितपुर-बीना | मानिकपुर-कटनी मुड़वारा-दमोह-बीना | 17.07.26 से 19.07.26 |
| 19436 | आसनसोल | अहमदाबाद | मानिकपुर-खजुराहो-ललितपुर-बीना | मानिकपुर-कटनी मुड़वारा-दमोह-बीना | 18.07.26 |
| 22129 | लोकमान्य तिलक (ट.) | अयोध्या कैंट | इटारसी-वी.लक्ष्मीबाई झाँसी-मानिकपुर | इटारसी-जबलपुर-सतना-मानिकपुर | 14.07.26, 19.07.26 |
| 01027 | दादर | गोरखपुर | इटारसी-ललितपुर-खजुराहो-मानिकपुर | इटारसी-जबलपुर-सतना-मानिकपुर | 14.07.26 से 19.07.26 |
| 01025 | दादर | बलिया | इटारसी-ललितपुर-खजुराहो-मानिकपुर | इटारसी-जबलपुर-सतना-मानिकपुर | 13.07.26 से 17.07.26 |
| 01026 | बलिया | दादर | मानिकपुर-खजुराहो-ललितपुर-इटारसी | मानिकपुर-सतना-जबलपुर-इटारसी | 17.07.26 से 19.07.26 |
| 01028 | गोरखपुर | दादर | मानिकपुर-खजुराहो-ललितपुर-इटारसी | मानिकपुर-सतना-जबलपुर-इटारसी | 18.07.26 |

**रेलगाड़ियों का रेग्युलेशन**

| गाड़ी सं. | कहॉ से | कहॉ तक | रेग्युलेशन का समय | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01028 | गोरखपुर | दादर | खजुराहो-बिरारी के मध्य 30 मिनट | 09.07.26 |
| 01026 | बलिया | दादर | खजुराहो-बिरारी के मध्य 45 मिनट | 12.07.26 |
| 12173 | लोकमान्य तिलक (ट.) | मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. | झाँसी मण्डल पर 110 मिनट | 12.07.26 |
| 01073 | लोकमान्य तिलक (ट.) | बनारस | पश्चिम मध्य रेलवे पर 50 मि. एवं झाँसी मण्डल पर 60 मिनट | 16.07.26 |
| 22584 | लोकमान्य तिलक (ट.) | छपरा | झाँसी मण्डल पर 40 मिनट | 16.07.26 |
| 19167 | अहमदाबाद | वाराणसी सिटी | झाँसी मण्डल पर 60 मिनट | 11.07.26, 13.07.26, 14.07.26 |
| 19165 | अहमदाबाद | दरभंगा | झाँसी मण्डल पर 60 मि. | 10.07.26, 15.07.26 |
| | | | पश्चिम मध्य रेलवे पर 50 मि. एवं झाँसी मण्डल पर 50 मिनट | 19.07.26 |
| 11407 | पुणे | लखनऊ जं. | झाँसी मण्डल पर 15 मि. | 14.07.26 |
| 07075 | हैदराबाद | गोरखपुर | झाँसी मण्डल पर 40 मि. | 10.07.26 |
| 20416 | इन्दौर | वाराणसी | झाँसी मण्डल पर 60 मि. | 20.07.26 |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1414/26(MG)





# ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई के बीच बवाल

## टास्क फोर्स व ग्रामीण आमने-सामने,बैरियर तोड़ भागा ट्रक, युवक ने लगाया मोबाइल छीनने व अभद्रता का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में ओवरलोडिंग और अवैध खनन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। इसी बीच किशनपुर थाना क्षेत्र के विजईपुर कस्बे में ओवरलोड ट्रकों की चेकिंग के दौरान ऐसा हंगामा खड़ा हो गया कि टास्क फोर्स की कार्रवाई चर्चा का विषय बन गई। मौके पर हुई नोकझोंक और आरोप–प्रत्यारोप का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार राजस्व निरीक्षक विवेक तिवारी और उपनिरीक्षक जितेंद्र दुबे के नेतृत्व में गठित टास्क फोर्स विजईपुर में ओवरलोड वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक तेज रतार ओवरलोड ट्रक ने चेकिंग बैरियर को टक्कर मार दी और आगे निकल गया। उसके पीछे चल रहे दूसरे ट्रक को रोकने का



प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने वाहन का दरवाजा खोलने से इंकार कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस दौरान पुलिसकर्मियों ने ट्रक के दरवाजे पर डंडे भी बरसाए, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। घटना ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब विजईपुर निवासी आयुष यादव कार्रवाई का वीडियो बनाने लगे। आयुष का आरोप है कि वीडियो रिकॉर्डिंग से नाराज होकर दारोगा जितेंद्र दुबे ने उनके साथ अभद्रता की और मोबाइल फोन छीन लिया। आरोप लगते ही मौके पर मौजूद लोगों ने विरोध जताया और पुलिसकर्मियों के साथ तीखी बहस शुरू हो गई। कुछ देर के लिए माहौल पूरी तरह गर्मा गया। घटना के बाद क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर भी लोगों के बीच बहस छिड़ी हुई है। हालांकि पुलिस प्रशासन का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। किशनपुर थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन की मुहिम के बीच विजईपुर में हुआ यह विवाद अब सुर्खियों में है। बैरियर तोड़कर भागे ट्रक से लेकर मोबाइल छीनने के आरोप तक, पूरे घटनाक्रम की सच्चाई जांच के बाद ही सामने आ सकेगी।

# पेपर लीक से बर्बाद हो रहा युवाओं का भविष्य -महेश

## -कांग्रेस ने घेरा सरकार को, शिक्षा मंत्री से इस्तीफा की मांग




न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों व शिक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। मंगलवार को ज्वालागंज स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि मौजूदा शिक्षा व्यवस्था छात्रों और अभिभावकों के लिए एक वसूली तंत्र बन चुकी है तथा भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। महेश द्विवेदी ने कहा कि वर्ष 2018, 2021, 2022, 2024 और 2026 में आयोजित नीट परीक्षा समेत कई महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) परीक्षा संचालन में पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन के दौरान देशभर में करीब 90 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए, जिससे लाखों छात्रों के सपनों पर पानी फिर गया। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं से निराश और अवसादग्रस्त होकर कई छात्रों ने अपनी जान तक गंवा दी, लेकिन सरकार की संवेदनहीनता के चलते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एनटीए की लगातार विफलताओं के बावजूद केंद्र सरकार ने जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण देने का काम किया है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को इस स्थिति तक पहुंचाने की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख एजाज अहमद ने कहा कि कांग्रेस के संघर्ष और दबाव के कारण ही सरकार को नीट परीक्षा से जुड़े मामलों में कदम उठाने पड़े। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी छात्रों और युवाओं की समस्याओं को समझने के लिए छात्रों की गूंज अभियान चला रहे हैं, जिसकी शुरुआत कोटा से की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने शिक्षा बजट में कटौती कर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने का काम किया है, जिससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी एडवोकेट एवं पार्टी प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर सरकार की नीतियां पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली व्यवस्था को बदलने के लिए व्यापक सुधारों की जरूरत है।

# बेसमेंट में चल रही कोचिंग पर गिरी फायर विभाग की गाज

## –छात्रों की सुरक्षा से खिलवाड़ पड़ा भारी, कोचिंग संचालक को थमाया नोटिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लखनऊ के कोचिंग संस्थान में हुए दर्दनाक



हादसे के बाद फतेहपुर अग्निशमन विभाग ने भी सख्त रुख अपना लिया है। छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले के कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरी की जांच शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में सोमवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के गुरुद्वारा गली, रेलवे स्टेशन रोड स्थित विद्या एकेडमी एवं लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया, जहां अग्नि सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी सामने आई। अग्निशमन अधिकारी द्वितीय दीपक कुमार के नेतृत्व में हुई जांच में पाया गया कि कोचिंग एवं लाइब्रेरी का संचालन भवन के बेसमेंट में किया जा रहा है। संस्थान में चार बैचों में कक्षाएं संचालित हो रही थीं तथा कुल 145 छात्र पंजी.त हैं। निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी में करीब 80 छात्र अध्ययन करते मिले। जांच के दौरान सबसे बड़ी खामी इमरजेंसी निकास मार्ग का न होना पाया गया। पूरे भवन में केवल एक ही प्रवेश एवं निकास द्वार मौजूद था, जो किसी भी आपात स्थिति में छात्रों की सुरक्षित निकासी के लिए पर्याप्त नहीं माना गया। इसके अलावा फायर सेटी उपकरण और अन्य सुरक्षा संसाधन भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिले। इन गंभीर खामियों को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने संस्थान संचालक आनंद मौर्य को नोटिस जारी कर दिया। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि जब तक सभी आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपकरण स्थापित नहीं किए जाते और सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित नहीं होता, तब तक कोचिंग संस्थान का संचालन बंद रखा जाए। फायर विभाग की इस कार्रवाई के बाद जिले के अन्य कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरी संचालकों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में जिलेभर के शिक्षण संस्थानों की सघन जांच की जाएगी और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी ।

# खाद, बिजली व सिंचाई को लेकर भड़के किसान

## –भाकियू ने 26 जून तक दिया अल्टीमेटम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को नहर कॉलोनी में आयोजित साप्ताहिक बैठक में किसानों ने खाद की किल्लत, बिजली कटौती, नहरों में पानी की कमी, किसानों पर दर्ज मुकदमों और ड्रेनेज विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर गहरी नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि धान की रोपाई का समय होने के बावजूद किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कई क्षेत्रों में घंटों बिजली कटौती से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जबकि नहरों में पर्याप्त पानी न होने से किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के बजाय उन्हें अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। भाकियू नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए, सिंचाई सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा नहरों में पर्याप्त पानी छोड़ा जाए। इसके अलावा किसानों पर दर्ज कथित फर्जी मुकदमों की निष्पक्ष जांच और ड्रेनेज विभाग द्वारा नालों की सफाई में हुई कथित अनियमितताओं की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बैठक में संगठन ने प्रशासन को 26 जून तक का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि



किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़ी संख्या में किसान धाता थाने का घेराव करेंगे। साथ ही यह भी घोषणा की गई कि मांगें पूरी न होने पर 30 जून को कुश्ती कला रेलवे ट्रैक के पास विशाल किसान पंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें आंदोलन को और तेज करने की रणनीति तय की जाएगी। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि किसान लगातार समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे और इसका पूरा दायित्व प्रशासन पर होगा। बैठक में संगठन के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# खेत मजदूरों की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन

## –राष्ट्रपति को भेजा गया 13 सूत्रीय ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन जिला काउंसिल फतेहपुर के आह्वान पर मंगलवार को तहसील परिसर में खेत मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना–प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के उपरांत कार्यकर्ताओं ने 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उप जिलाधिकारी खागा के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा।




ज्ञापन में बी.बी.जी. रामजी विधायक योजना को वापस लेने तथा मनरेगा को उसके पुराने स्वरूप में तत्काल बहाल करने की मांग की गई। यूनियन ने सभी ग्रामीण खेत मजदूरों एवं मनरेगा श्रमिकों को वर्ष में 200 दिन रोजगार तथा 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी की गारंटी देने, काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने और 55 वर्ष की आयु पूरी करने वाले खेत मजदूरों को न्यूनतम 6000 रुपये मासिक पेंशन देने की मांग उठाई। इसके अलावा मनरेगा के लिए ढाई लाख करोड़ रुपये का बजट जारी करने, खेत मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने तथा जल, जंगल और जमीन पर उनके अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की गई। धारा 132, ऊसर–बंजर एवं ग्राम सभा की भूमि पर वर्षों से बसे लोगों को बेदखल न करने और उन्हें मालिकाना हक देने की भी मांग रखी गई। यूनियन ने प्रत्येक खेत मजदूर को पक्का आवास हेतु 15 डिसमिल भूमि और पांच लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने तथा .षि कार्य के लिए भूमि पट्टे पर देने की मांग की। धरने में जिला अध्यक्ष सुमन सिंह चौहान, राज्य सचिव फूलचंद पाल, जिला मंत्री राम.ष्ण हेगड़े, छोटेलाल, राजेंद्र हंस, मोतीलाल एडवोकेट, नेम सिंह एडवोकेट, शिवनारायण साहू, जंग बहादुर सिंह, विनोद कुमार एडवोकेट, अतुल कुमार एडवोकेट, ज्ञानेंद्र सिंह एडवोकेट, खुर्शीद अहमद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लखनऊ हादसे के बाद बढ़ी सतर्कता

## –पुलिस लाइन में फायर सेफ्टी मॉकड्रिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लखनऊ स्थित एक कोचिंग संस्थान में हुए दर्दनाक अग्निकांड और जनहानि की घटना के बाद फतेहपुर जिला प्रशासन एवं अग्निशमन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में चीफ फायर ऑफिसर जशवीर सिंह के निर्देश पर सोमवार



को पुलिस लाइन परिसर में फायर सेटी मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों को आग लगने की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन अधिकारी द्वितीय दीपक कुमार ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को आग लगने पर शुरुआती स्तर पर नियंत्रण पाने, आग को फैलने से रोकने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी अग्निकांड में शुरुआती कुछ मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं और समय रहते सही कदम उठाकर बड़े हादसे को टाला जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर समेत विभिन्न अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रदर्शन भी किया गया। पुलिसकर्मियों को उपकरणों के सही उपयोग और आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया देने के बारे में विस्तार से समझाया गया। अधिकारियों ने कहा कि आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए जागरूकता, सतर्कता और समय पर कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। लखनऊ हादसे के मद्देनजर आयोजित इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को आपदा प्रबंधन के लिए तैयार करना तथा आमजन में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा सकें।



# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

## –अहमदाबाद से छुट्टी लेकर आया था घर, दुर्घटना में चली गई जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

जहानाबाद/फतेहपुर, चौड़गरा भोगनीपुर हाइवे मार्ग में कस्बे के मोहल्ला तेजानगर के समीप स्थित रिंद नदी पुल पर सोमवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु फतेहपुर भेजा है। मृतक की पहचान कस्बा जहानाबाद के मोहल्ला ठकुरनगली निवासी अमरजीत उर्फ मद्दी 25 वर्ष पुत्र सुरजीत सिंह के रूप में हुई है। बताया गया कि अमरजीत अहमदाबाद में रहकर ठेकेदारी का कार्य करता था और 22 जून सोमवार को भोर पहर करीब 3 बजे ही अहमदाबाद से अपने घर जहानाबाद आया था। परिजनों के अनुसार शाम को वह अपने प्रिय मित्र आशीष से मिलने बाइक से चौडगरा गया हुआ था और फिर रात करीब 9 बजे चौड़गरा से वापस जहानाबाद घर आ रहा था। तभी कस्बा कोड़ा जहानाबाद के मोहल्ला तेजानगर के पास चौड़गरा भोगनीपुर हाइवे मार्ग पर स्थित रिंद नदी पुल पर टैंकर ने उसकी बाइक में टैंकर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुल की रेलिंग तोड़ टैंकर लटक गया। हादसे में अमरजीत की टैंकर में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जहानाबाद थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह उपनिरीक्षक विंदेश कुमार गिरि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को पोस्ट मार्टम हेतु फतेहपुर भेजा। रिन्द नदी पुल की रेंलिग में फसे टैंकर को क्रेन मशीन मगवा कर उसे बाहर करा कर दोनों तरफ से वाहनों का लगा जाम खुल सका। मार्ग दुर्घटना में दिवंगत अमजीत सिंह चार भाइयों में सबसे बड़ा था जो अविवाहित था। अमर जीत सिंह की मौत पर मां सुमन सिंह, भाई अभयराज सिंह, अंकित सिंह, वैभव सिंह का रो–रोकर बेहाल है। थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि दिवंगत के पिता सुजीत सिंह की तहरीर पर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दुर्घटना करने वाले टैकर को कब्जे में ले लिया है।

# जश्ने शोहदा-ए-कर्बला कश्न्फ्रेंस में गूंजा अहले बैत का पैगाम

## -करबला की कुर्बानियों से नम हुई आंखें
## -मौलाना आमिर मियां सफवी ने करबला का वाक्या सुनाकर
## -लोगों को दीन और सुन्नत के रास्ते पर चलने की दी नसीहत
## -सबक-ए-कदमी उन्वान से तकरीर का हुआ आगाज़ और हुआ समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के सुल्तानपुर घोष गांव में आयोजित जश्ने शोहदा–ए–कर्बला कॉन्फ्रेंस में करबला के शहीदों की याद ताजा की गई। कार्यक्रम में करबला के दर्दनाक वाक्यात और अहले बैत की कुर्बानियों का बयान सुनकर पूरा मजमा गमगीन हो गया। कॉन्फ्रेंस में खुसूसी ख़तिाब के लिए नवासा–ए–हुज़ूर अशहाबे मिल्लत, हज़रत मौलाना आमिर मियां सफवी साहब क़िबला (खानकाह–ए–चिश्तिया दीदारिया, करेली प्रयागराज) तशरीफ़ लाए। अंजुमन कमेटी सुल्तानपुर घोष के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उनका फूल–माला पहनाकर गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। अपने ख़तिाब में मौलाना आमिर मियां सफवी मिस्बाही ने अल्लाह के रसूल हज़रत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के अहले बैत की फ़ज़ीलत और उनके किरदार पर रोशनी डाली। उन्होंने खातूने जन्नत हज़रत बीबी फातिमा, शेरे खुदा हज़रत मौला अली, इमाम हसन, इमाम हुसैन, हज़रत अब्बास, हज़रत मुस्लिम बिन अकील समेत कई हस्तियों की जिंदगी के पहलुओं को विस्तार से बयान किया। मौलाना ने करबला के तारीखी बयान में हज़रत इमाम कासिम, औन–मोहम्मद, शबीहे मुस्तफा हज़रत इमाम अली अकबर, छह माह के शीरख़्वार हज़रत इमाम अली असगर और अन्य शोहदा–ए–कर्बला की दर्दनाक शहादत का जिक्र करते हुए बताया कि किस प्रकार इमाम



हुसैन अलैहिस्सलाम ने अपने 72 जांनिसार साथियों और अहले खानदान के साथ दीन–ए–इस्लाम की हिफाज़त के लिए अपनी जानें कुर्बान कर दीं। उन्होंने अपने बयान की शुरुआत और समापन सबक–ए–कदमी के उनवान से किया। इस शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि इसका अर्थ कदम से कदम मिलाकर चलना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह रसूले पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इमाम हुसैन को अपने कदमों पर चलाया, उसी तरह इमाम हुसैन ने अपने नाना के बताए हुए रास्ते पर पूरी जिंदगी अमल किया और दीन की सरबलंदी के लिए करबला में बेमिसाल कुर्बानी पेश की। मौलाना ने उपस्थित लोगों को पांच वक्त की नमाज़ की पाबंदी करने, अल्लाह और उसके रसूल की सुन्नतों पर अमल करने तथा नेक रास्ते पर चलने की नसीहत दी। इस दौरान नारा–ए–हैदरी या हुसैन या रसूल अल्लाह इस्लाम जिंदाबाद और नारा–ए–तकबीर, अल्लाहु अकबर की सदाओं से पूरा गांव गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन पर रसूल और आले रसूल की बारगाह में सलातो–सलाम पेश किया गया तथा मुल्क में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ की गई। इस अवसर पर कारी व मौलाना अनवार अहमद, कारी बिलाल नूरी, कारी मतीन, हाफिज सरवर हबीबी, हाफिज मोअज्जम साहब सहित अनेक उलेमा–ए–किराम और शोहरा मेंबरे रसूल पर जलवा अफरोज रहे। कार्यक्रम के आयोजक शीबू खान (पत्रकार) रहे। वहीं साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार शहंशाह आब्दी सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मोहम्मद अनवार (सदर साहब), अनीस बाबा जी, मोहम्मद ज़फर नेता जी, जुबैर, सरफराज आलम, तंजील, मुजनबीन, आलम, सुहैल, नूर अता, रियाज, शहंशाह, रानू, तन्नू, अमान, अरमान, इलियास, दानिश, मुस्तकीम, आफताब आलम चंद, जुनेद हक़, साजिद, सैंकी, दाऊद, राजू सिद्दीकी, मन्नू, मुस्लिम, मेराज, दिलशाद, सलमान, जीशान, फिरदौश, फैज़ सहित गांव एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने शिरकत की।

# जीएसटी ट्रिब्यूनल की जटिल प्रक्रिया पर भड़के अधिवक्ता

## –हिंदी में अपील व समय सीमा बढ़ाने की उठी मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जीएसटी ट्रिब्यूनल में द्वितीय अपील दाखिल करने में आ रही तकनीकी बाधाओं और अंग्रेजी भाषा की अनिवार्यता को लेकर कर अधिवक्ता संस्थान की बैठक में अधिवक्ताओं ने गहरी नाराजगी जताई। अधिवक्ताओं ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था व्यापारियों और करदाताओं के लिए परेशानी का कारण बन रही है तथा सरकार को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए।

अधिवक्ता लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जीएसटी ट्रिब्यूनल में अपील दाखिल करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवक्ता माया पाण्डेय ने कहा कि ट्रिब्यूनल में द्वितीय अपीलें दाखिल करने के दौरान अनेक तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम अपील की तुलना में वर्तमान प्रक्रिया अधिक जटिल हैं। जिससे अधिवक्ताओं और व्यापारियों को अनावश्यक दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। बैठक में अधिवक्ता सुधाकर अवस्थी ने सरकार की भाषा नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर हिन्दी को बढ़ावा देने की बात की जाती है, वहीं दूसरी ओर जीएसटी ट्रिब्यूनल में केवल अंग्रेजी भाषा में अपील दाखिल करने की बाध्यता लागू कर दी गई है। उन्होंने मांग की कि हिन्दी भाषी प्रदेश में ट्रिब्यूनल में हिन्दी भाषा में भी द्वितीय अपील स्वीकार की जाए, ताकि करदाताओं और अधिवक्ताओं को राहत मिल सके। संजीव अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि तकनीकी समस्याओं और प्रक्रिया संबंधी कठिनाइयों को देखते हुए अपील दाखिल करने की समय–सीमा में कम से कम तीन माह की बढ़ोतरी की जानी चाहिए। इससे प्रभावित व्यापारियों को अपनी अपीलें समय से दाखिल करने का अवसर मिलेगा और न्याय पाने का उनका अधिकार सुरक्षित रहेगा। बैठक में अभय शंकर अवस्थी, मनीष मिश्रा, प्रवीण अवस्थी, सौरभ साहू, विपिन गुप्ता, राजीव मिश्रा, उन्नति मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी ने जीएसटी ट्रिब्यूनल की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और हिन्दी–अनुकूल बनाने की मांग करते हुए सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप की अपील की।

# मामूली विवाद में धारदार हथियार छोटे भाई की हत्या, पिता घायल

## –बड़े भाई, भाभी और साले पर छोटे भाई की हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के असोथर थाना क्षेत्र के सरकंडी गांव में पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि बड़े भाई ने अपनी पत्नी और साले के साथ मिलकर छोटे भाई तथा पिता पर लाठी–डंडों, कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि पिता अस्पताल में भर्ती हैं। मृतक प्रदुम (32 वर्ष) पुत्र भगवान दीन निवासी सरकंडी, असोथर बड़े भाई के द्वारा गाली गलौज किए जाने पर विरोध किया तभी बड़े भाई ने छोटे भाई के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया बचाव में गया भगवान दीन (60 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय रजऊ घायल हो गया जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार गाली–गलौज को लेकर विवाद शुरू हुआ था। आरोप है कि बड़े भाई दशरथ, उसकी पत्नी कमल कुमारी, साले लवलेश तथा कमलेश ने मिलकर प्रदुम और उनके पिता भगवान दीन पर हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और खून से लथपथ हालत में अस्पताल पहुंचाए गए। मृतक के परिजन ने बताया कि आरोपित लोग गाली–गलौज कर रहे थे। जब पिता और पदुम ने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने कुल्हाड़ी, सब्बल, लाठी–डंडों तथा लात–घूंसों से बेरहमी से हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण पदुम की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उनके पिता भगवान दीन का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गांव में घटना के बाद तनाव का माहौल बना हुआ है।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कोरसम गांव में घरेलू विवाद के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ते परिजनों को जानकारी हुई कोहराम मच गया। उन्होंने आनन–फानन सीएचसी में भर्ती कराया गया। बताया जाता अक्षय कुमार (36) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। चिकित्सकों ने युवक की हालत संतोष जनक बतायी हैं।

# किशोरियों को कैंसर से बचाने के लिए जागरुकता का अभियान तेज

## -आशा व आंगनवाड़ी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताय का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कोराई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा एवं



आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी सरकारी योजनाओं, टीकाकरण कार्यक्रमों एवं जनजागरूकता गतिविधियों को गांव–गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक भवानी सिंह, संस्था की प्रबंधक रूबिना, परियोजना समन्वयक तूबा अकील, प्रशिक्षक पायल तथा मोबिलाइज़र अल्ताशा परवीन, सलाहुद्दीन और राबिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को महिलाओं, किशोरियों और बच्चों से जुड़ी विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक पायल ने बताया कि कार्यकर्ता समुदाय में जागरूकता बढ़ाकर लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, दवाओं और अन्य सुविधाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए नजदीकी सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं का अधिकाधिक उपयोग करने पर भी बल दिया। इस दौरान बीसीपीएम भवानी सिंह ने मानव पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए यह टीका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने में सहायक साबित होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने–अपने क्षेत्रों में जाकर किशोरियों एवं उनके अभिभावकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। भवानी सिंह ने संस्था द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विभाग का पूरा सहयोग संस्था को मिलता रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि संस्था भविष्य में भी समुदाय को स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य जागरूकता, टीकाकरण और सरकारी योजनाओं की जानकारी जन–जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# विशाल भंडारा सैकड़ों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जेठ माह के अंतिम मंगलवार के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री फाउंडेशन एवं अनंत गार्डन के संयुक्त तत्वावधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या



में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे के सफल आयोजन में डॉ. अमित मिश्रा, नीतू, राम स्वरूप गुप्ता, गणेश प्रसाद गुप्त, सुशील गुप्त, धनंजय द्विवेदी, लाल त्रिपाठी, आलोक गुप्ता, राजेश गुप्ता, शिखर गुप्ता, सुनील दुबे, आनंद तिवारी, सतीश साहू, सीमा कक्कड़, स्मृति गुप्ता, राशि गुप्ता, आयुष सिंह एवं नीलांशु राय सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल के पावन अवसर पर सेवा और श्रद्धा भाव से आयोजित इस भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का समापन भक्तिमय वातावरण और हनुमान जी के जयकारों के साथ हुआ।

# रक्तवीरों ने बड़े मंगल पर निभाया मानवता का धर्म

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बड़े मंगल के पावन अवसर पर समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के छह सदस्यों ने मंगलवार को मानस रक्तकेंद्र पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में गुरमीत सिंह ने 48 वीं, दिग्विजय ने 20 वीं, शुभम कुमार ने 9 वीं, अमन चौरसिया ने 8 वीं, दिव्यांश



पाण्डेय ने 8 वीं बार रक्तदान किया, जबकि शिवम ने पहली बार रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। रक्तदान के उपरांत मानस रक्तकेंद्र के प्रभारी अमन यादव ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन से शोभित सिंह एवं वर्तिका सहित मानस रक्तकेंद्र की अनामिका पाल और विष्णु भी मौजूद रहे। मानस रक्तकेंद्र प्रभारी अमन यादव ने कहा कि बड़े मंगल के पावन अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा किया गया रक्तदान अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने 48 बार रक्तदान कर चुके गुरमीत सिंह और 20 बार रक्तदान करने वाले दिग्विजय को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन का यह जज्बा मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं की रगों में दौड़ता रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों और डर को छोड़कर सभी युवाओं को इस महादान को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों की जान बचाई जा सके।

# या हुसैन की सदाओं के बीच बहाया लहू

## - छूरी का मातम देखने के लिए उमड़ा सैलाब,- अकीदत के बीच तीन पलंगों का दो स्थानों पर हुआ मिलाप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मोहर्रम की सात तारीख पर या हुसैन–या हुसैन, लब्बैक–लब्बैक या हुसैन की सदाएं गूंज उठी। षिया समुदाय के लोगों ने नौहा ख्वानी के बीच पलंग के आगे पहले हाथ से मातम किया फिर जंजीर से मातम व कमा लगाकर अपना लहू बहाया। जिसे देखकर लोगों ने अपनी उंगलियां दातों तले दबा लीं। उधर तीन पलंगों का पहला मिलाप दोपहर दो बजे पीलू तले चौराहे पर व दूसरा मिलाप सैय्यदवाड़ा कूंड तालाब पर देर रात हुआ। पलंग का मिलाप देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। इन दिनों षहर की ताजियादारी उरूज पर है। सात मोहर्रम पर षहर के सैय्यदवाड़ा, अमरजई से पलंग का जुलूस उठा। पलंग की बिनाई का काम भोर चार बजे ही षुरू हो गया था। तीनों पलंग पर श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही उमड़ने लगी थी। लोगों ने पलंगों पर फूल व प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सैय्यदवाड़ा मोहल्ले से उठने वाले पलंग के जुलूस में षिया समुदाय की ओर से नौहा ख्वानी के बीच बच्चे बूढ़े व नौजवानों ने जंजीर कमा का मातम किया। जंजीर व कमा का मातम करने वाले लहूलुहान हो गये। खून की बहती धार देख लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली तत्पष्चात दो पलंगों का जूलूस महाजरी मुहल्ले की गलियों से होता हुआ पीलू तले तिराहे पर पहुंचा। जहां अमरजई मुहल्ले के पलंग से मिलाप हुआ। तीनों पलंगों का जुलूस एक साथ होकर निर्धारित रास्तों से मुस्लिम इंटर कालेज के समीप पहुंचा। जहां रात में पुनः मिलाप के साथ जुलूस समाप्त हो गया। पलंगों के आगे दर्जन भर से ज्यादा अलम साथ–साथ चल रहे थे। ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष चौधरी मोईन राइन व महासचिव वारिस उद्दीन के अलावा कमेटी के अन्य लोग लगे रहे। दिन भर चले पलंग जुलूस के दौरान अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़ में महिला और बच्चे लाला बाजार में सजी घरेलू समान की दुकानों एवं खिलौना आदि की दुकानों से जहां खरीददारी की। यह खरीददारी का सिलसिला भी सारा दिन चलता रहा। वहीं दूर–दराज से पलंग जुलूस देखने





आये लोगों ने लाला बाजार में लगी सब्जी और लुचूई एवं कवाब–समोसे की दुकानों से यह खाद्य सामग्री खरीदकर आनन्द लेते रहे। सुबह से लेकर देर षाम तक पलंग जुलूस के साथ सुरक्षा व्यवस्था के तहत जहां पुलिस बल तैनात रहा वहीं प्रषासनिक अधिकारी भी बीच–बीच में जायजा लेते रहे। उधर षिया समुदाय में मजलिसों व नौहा ख्वानी का सिलसिला जारी रहा।

### आज फाटक से बाहर आएगा सुप्रसिद्ध ताजिया

फतेहपुर। जिले में हिंदू–मुस्लिम की आस्था का प्रतीक एवं सुप्रसिद्ध चांदू मियां का ताजिया कल (आज) इमामबाड़े के फाटक से बाहर आएगा। षाम लगभग सात बजे आयोजक ताजिये को निकालकर बाहर तखत पर जियारत के लिए रखेंगे। जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचकर ताजिये की जियारत करके चढ़ावा चढ़ाने का काम करेंगे। बताते चलें कि मोहर्रम की पहली तारीख से ही चांदू मियां के ताजिये का इमामबाड़ा प्रतिदिन षाम को जियारत के लिए खोला जाता है और बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचकर लगातार चढ़ावा चढ़ाने का काम कर रहे हैं। यह ताजिया नौ मोहर्रम की रात बारह बजे के बाद इमामबाड़े से उठाया जाएगा तत्पष्चात अपने कदीमी रास्तों से भ्रमण करता हुआ ताजिया पुनः इमामबाड़े पहुंचेगा। फिर दस मोहर्रम की षाम ताजिया उठकर पूरी रात भ्रमण करेगा और ग्यारह मोहर्रम की सुबह ताजिये को सुपुर्द–ए–खाक किया जाएगा।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )